


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 15 अंक - 250 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 23 जून 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास-खबर



### हाईकोर्ट ने किए 10 न्यायिक अधिकारियों के तबादले, रजिस्ट्रार जनरल ने जारी किया आदेश

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने 10 न्यायिक अधिकारियों के तबादले किए हैं, साथ ही दो को नई जिम्मेदारी सौंपी है। जारी आदेश के मुताबिक धमतरी में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंकज कुमार जैन को हाईकोर्ट में रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है। हाईकोर्ट स्थापना में ओएसडी आदित्य जोशी को हाईकोर्ट की ई लॉ रिपोर्ट कमेटी के एडिटोरियल बोर्ड में सदस्य नियुक्त किया गया है। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार ने आदेश जारी किया हैं।

हाईकोर्ट से जारी आदेश के अनुसार बालोद की प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज डॉ. प्रज्ञा पचौरी को इसी पद पर दुर्ग भेजा गया है। हाईकोर्ट में रजिस्ट्रार जितेंद्र कुमार को रायगढ़ का प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज बनाया गया है। स्थायी लोक अदालत, बिलासपुर के चेयरमैन मो. रिजवान खान को बैकुंठपुर का प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज बनाया गया है। फैमिली कोर्ट, बिलासपुर के प्रिंसिपल जज श्यामलाल नवरत्न अब बालोद के प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज होंगे। हाईकोर्ट ने छह अतिरिक्त सेशन जजों के भी तबादले किए हैं, इसमें डिस्ट्रिक्ट एंड एडिशनल सेशन जज प्रशांत पाराशर को बलौदा बाजार से दुर्ग, डॉ. ममता भोजवानी को सक्ती से कोरबा, विक्रम प्रताप चंद्रा को कोरबा से कोंडागांव और हाई कोर्ट में ओएसडी वीरेंद्र का रायगढ़ तबादला किया गया है। इसके अलावा डिस्ट्रिक्ट एंड एडिशनल सेशन जज प्रशांत कुमार शिवहरे को सक्ती के फास्ट ट्रैक कोर्ट से सक्ती में ही प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश और स्मिता रत्नावत को भाटापारा के फास्ट ट्रैक कोर्ट से भाटापारा में ही डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में एडिशनल सेशन जज बनाया गया है।

# छत्तीसगढ़ में एनसीआर की तरह होगा स्टेट कैपिटल रीजन का विकास

## बजट पूर्व बैठक में छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने रखे राज्यहित में कई प्रस्ताव

श्रीकंचनपथ न्यूज

नई दिल्ली/रायपुर। छत्तीसगढ़ में एनसीआर की तर्ज पर स्टेट कैपिटल रीजन का विकास होगा। नई दिल्ली में आयोजित बजट पूर्व बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप छत्तीसगढ़ की विकास योजनाओं के संबंध में वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने राज्यों को विशेष सहायता की राशि, स्टेट कैपिटल रीजन के विकास व राज्य में रेल नेटवर्क के विस्तार सहित राज्यहित के कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव व सुझाव रखे। दिल्ली के भारत मंडपम, प्रगति मैदान में आयोजित बजट पूर्व बैठक में केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी के साथ ही अन्य राज्यों के वित्तमंत्री उपस्थित थे।




बैठक में राज्य सरकार की ओर से वित्त मंत्री चौधरी ने भारत की अर्थव्यवस्था की प्रगति और 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में उठाए गए कदमों की सराहना की। साथ ही उन्होंने देश में अधोसंरचना निर्माण, कौशल संवर्द्धन, उद्यमिता विकास, और आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोगों के माध्यम से कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रशासन, और जनसुविधाओं के क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की भी प्रशंसा की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 2047 तक विकसित भारत की तर्ज़ पर छत्तीसगढ़ को 'विकसित छत्तीसगढ़' बनाने के लिये छत्तीसगढ़ की सरकार विजन डॉक्यूमेंट "अमृतकाल : छत्तीसगढ़ विजन @2047" 1 नवम्बर को प्रस्तुत करने जा रही है।

### राज्यहित के मुद्दे पर रखी अपनी बात

राज्यहित के मुद्दे पर अपनी बात रखते हुए वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने कहा केन्द्र सरकार द्वारा राज्यों को पूंजीगत निवेश के लिए विशेष सहायता के रूप में वर्ष 2020-21 से 50 वर्षों के लिये ब्याज रहित ऋण राशि उपलब्ध कराई जा रही है। अंतरिम बजट 2024-25 में इस योजना के लिये गत वर्ष के समान ही 1,30,000 करोड़ का प्रावधान किया गया है, किन्तु पार्ट-1 अंतर्गत गत वर्ष के प्रावधान 1 लाख करोड़ को कम करते हुए 55,000 करोड़ ही रखा गया है। उन्होंने इस योजना के लिए पूर्व की तरह राशि के प्रावधान का अनुरोध किया।

### कैपिटल रीजन के विकास के लिए चाहिए फंड

बैठक में स्टेट कैपिटल रीजन के विकास के लिए आर्थिक सहायता की जरूरत बताते हुए चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की नई राजधानी नवा रायपुर अटल नगर को देश के सबसे सुनियोजित एवं ग्रीन सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। राज्य के सीमित संसाधनों से सड़क, पेयजल, विद्युत सुविधा, आवास तथा अन्य आधारभूत संरचनाओं का निर्माण किया गया है, किन्तु नई राजधानी को रायपुर तथा दुर्ग-भिलाई के साथ मिलाकर एनसीआर की तर्ज पर स्टेट कैपिटल रीजन के रूप में आधुनिक नगरीय सुविधाओं के साथ विकसित किया जाना है। उन्होंने इसे सूचना प्रौद्योगिकी, वित्त, बैंकिंग और ग्रीन एनर्जी के हब के रूप में विकसित करने के लिए बजट में पर्याप्त आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की।

### राज्य में रेल नेटवर्क का होना चाहिए विस्तार

राज्य में रेल नेटवर्क का विस्तार की मांग करते हुए चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में खनिज संसाधनों की प्रचुरता के कारण खदानों से खनिज का परिवहन पर्याप्त रेल नेटवर्क के अभाव में अधिकांशतः सड़क मार्ग से होता है। रेल द्वारा माल एवं यात्री परिवहन सड़क मार्ग की तुलना में सस्ता होने एवं औद्योगिक विकास के लिए कारण रेल नेटवर्क का विस्तार अत्यंत आवश्यक है। नागरिकों के लिये उन्होंने राज्य में रेल सुविधाओं के विस्तार कार्यों की स्वीकृति का अनुरोध किया। उन्होंने नागपुर-रायपुर-विशाखापटनम नवीन इंडस्ट्रियल कॉरीडोर विकसित करने अथवा वर्तमान प्रस्तावित कॉरिडोर से रायपुर को जोड़ने की जरूरत बताई।

### टेक्सटाइल पार्क और मेडिकल डिवाइस पार्क

इसके अलावा उन्होंने राज्य में टेक्सटाइल पार्क और मेडिकल डिवाइस पार्क की स्थापना का भी अनुरोध किया। वित्तमंत्री ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत दुर्गम वन क्षेत्रों में निर्मित सड़कों के संधारण हेतु बजट में प्रावधान करने का अनुरोध किया। वित्तमंत्री ने रायपुर में वृद्धजनों के लिए इंटीग्रेटेड जिरियाट्रिक हेल्थ सेंटर की स्थापना का प्रस्ताव रखा। उन्होंने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत बच्चों के लिए खाद्य सामग्री की दर और रसोइयों के मानदेय में वृद्धि का आग्रह किया। इसके साथ ही आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत प्रीमियम राशि में वृद्धि करने की मांग की।

### रायपुर से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की मांग

ओपी चौधरी ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा सातवें वेतनमान लागू करने के लिए अतिरिक्त वित्तीय भार का 50 प्रतिशत केंद्रान्श की मांग की। वहीं उन्होंने रायपुर एयरपोर्ट से अंतर्राष्ट्रीय उड़ान सेवाएं उपलब्ध कराने का भी अनुरोध किया। ज़िला खनिज न्यास ष्ठरूस्न के प्रावधानों में भी आवश्यक परिवर्तन की मांग रखी ,ताकि इस राशि का सदुपयोग हो सके। केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण ने सुझावों पर सकारात्मक विचार करते हुये राज्य के विकास और जन कल्याणकारी कार्यों के लिए अधिक आर्थिक सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया है। बैठक में छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री के साथ वित्त सचिव मुकेश बंसल भी शामिल रहे।

## इसरो: दोबारा इस्तेमाल हो सकने वाले विमान की तकनीक का तीसरा परीक्षण भी सफल

■ कर्नाटक के चित्रदुर्ग में एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज में किया परिक्षण



**श्रीहरिकोटा ( एजेंसी )।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रविवार को बताया कि उसने अपनी रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल तकनीक (प्रक्षेपण यान को दोबारा इस्तेमाल इस्तेमाल करने की तकनीक) का तीसरी बार सफल परीक्षण किया। इसरो ने बताया कि इस बार ज्यादा चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में प्रक्षेपण यान का परीक्षण किया और वह सभी मानकों पर खरा उतरा। इस परीक्षण में इसरो ने लैंडिंग इंटरफेस और तेज गति में विमान की लैंडिंग की स्थितियों की जांच की। इस परीक्षण के साथ ही इसरो ने आज के समय की सबसे अहम तकनीक में से एक को हासिल कर लिया है।

इसरो ने रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल का तीसरा और अंतिम परीक्षण कर्नाटक के चित्रदुर्ग में एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज में रविवार सुबह 7.10 बजे किया गया। इससे पहले इसरो रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल के दो सफल परीक्षण कर चुका है। तीसरे परीक्षण में प्रक्षेपण यान को ज्यादा ऊंचाई से छोड़ा गया और इस दौरान तेज हवाएं भी चल रहीं थी, इसके बावजूद प्रक्षेपण यान 'पुष्पक' ने पूरी सटीकता के साथ रनवे पर सुरक्षित लैंडिंग की।

परीक्षण के दौरान वायुसेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से प्रक्षेपण यान पुष्पक को साढ़े चार किलोमीटर की ऊंचाई से छोड़ा गया। इसके बाद प्रक्षेपण यान पुष्पक ने स्वायत तरीके से रनवे पर सफल लैंडिंग की। लैंडिंग के दौरान यान की गति करीब 320 किलोमीटर प्रतिघंटे थी। बता दें कि एक कमर्शियल विमान की लैंडिंग के वक्त स्पीड 260 किलोमीटर प्रतिघंटे और एक लड़ाकू विमान की गति करीब 280 किलोमीटर प्रतिघंटे होती है। लैंडिंग के वक्त पहले ब्रेक पैराशूट की मदद से प्रक्षेपण यान की गति को घटाकर 100 किलोमीटर प्रतिघंटे पर लाया गया और फिर लैंडिंग गीयर ब्रेक की मदद से रनवे पर विमान को रोका गया।

परीक्षण के दौरान यान के रूडर और नोज व्हील स्टीयरिंग सिस्टम की भी कार्यक्षमता की जांच की गई। भविष्य में प्रक्षेपण यान को अंतरिक्ष में भेजने और उसे वापस सुरक्षित धरती पर उतारकर फिर से अंतरिक्ष में भेजने के लिहाज से यह तकनीक बेहद अहम है। इस तकनीक की मदद से इसरो की लागत में काफी कमी आएगी क्योंकि किसी भी अंतरिक्ष मिशन में प्रक्षेपण यान की लागत काफी ज्यादा होती है और अभी एक बार इस्तेमाल होने के बाद यान को दोबारा इस्तेमाल नहीं किया जाता। अब रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल तकनीक की मदद से अंतरिक्ष में बढ़ रहे कचरे की समस्या से भी निपटा जा सकेगा।

## आम्रपाली पीएम आवास में फांसी पर झूली 14 साल की किशोरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** आम्रपाली वनांचल सिटी से लगे पीएम आवास में रहने वाली 14 साल की किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना रविवार की सुबह 6 से 7 बजे के बीच की बताई जा रही है। घर पर परिवार के सभी लोग मौजूद थे। किशोरी तड़के 5.30 बजे उठी और अपनी दादी को काम पर छोड़ने गई और वापस लौट कर फांसी लगा ली। घर वाले भी समझ नहीं पा रहे हैं कि किशोरी ने अचानक यह कदम क्यों उठाया। फिलहाल इस मामले में जामुल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

जामुल थाना क्षेत्र के आम्रपाली से लगे पीएम आवास में घटी इस घटना के बाद परिवार के लोग सकते में हैं। सुबह जामुल पुलिस ने सूचना मिलने के बाद किशोरी के शव को पीएम के लिए सुपेला अस्पताल भेजा। इस दौरान परिवार के लोग भी सुपेला अस्पताल के पास पहुंचे। इस दौरान मृतक किशोरी की मां संतोषी विश्वकर्मा ने रोते-रोते बताया कि आज सुबह 5:30 बजे उठने के बाद लक्ष्मी



विश्वकर्मा (14) अपनी दादी को निगम दफ्तर ड्यूटी छोड़ने गई। लौटने के बाद उसने चाय पिया। इस दौरान परिवार के सभी लोग सोए हुए थे।

संतोषी विश्वकर्मा ने बताया कि सुबह करीब 7 बजे उसने लक्ष्मी को आवाज लगाई तो कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद वह कमरे गई तो वहां का नजारा देख चौंक गई। उसके मुंह से चीख निकल गई। चीख सुनकर घर पर मौजूद अन्य लोग पहुंचे तो देखा कि लक्ष्मी विश्वकर्मा फंदे पर झूल रही थी। इसके बाद डायल 112 को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल भेज दिया। किशोरी नक आत्महत्या क्यों की इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। मौके से किसी तरह सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल जामुल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## टी-20 विश्वकप: अफगानिस्तान ने किया उलटफेर, आस्ट्रेलिया को 21 रन से दी मात

### वनडे विश्वकप की हार का बदला टी20 वर्ल्डकप लिया

**किंग्सटाउन ( ए )।** अफगानिस्तान की टीम ने इतिहास रच दिया है। राशिद खान की अगुआई वाली इस टीम ने अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट इतिहास में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को हराया है। पिछले साल हुए वनडे विश्व कप 2023 में वह जीत की दहलीज तक पहुंचे थे, लेकिन मैक्सवेल ने उनसे जीत छीन ली थी। हालांकि, इस बार अफगानिस्तान ने ऐसी कोई गलती नहीं की और ऑस्ट्रेलिया को किंग्सटाउन के मैदान पर 21 रन से हरा दिया।

दोनों टीमों के बीच वनडे में चार और टी20 में दो मुकाबले खेले गए हैं। वनडे में अफगानिस्तान की टीम ऑस्ट्रेलिया से कभी नहीं जीती है, लेकिन टी20 में दूसरे ही मैच में अफगानिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त दी और इतिहास रच दिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान ने 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 148 रन बनाए। रहमनुल्लाह गुरबाज ने 60 रन और इब्राहिम जादरान ने 51 रन की पारी खेली। जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम



19.2 ओवर में 127 रन पर सिमट गई। गुलबदीन नईब ने चार विकेट लिए।

इस मैच में एक वक्त ऑस्ट्रेलिया ने 32 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। फिर ग्लेन मैक्सवेल ने मार्कस स्टोइनिस के साथ 39 रन की साझेदारी निभाई। नईब को स्टोइनिस को आउट करा कर इस साझेदारी को तोड़ा। यहीं से मैच पलट गया। मैक्सवेल ने जब टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 11वां अर्धशतक लगाया तो 2023 वनडे विश्व कप की याद आ गई, जब मैक्सवेल ने अविश्वसनीय पारी खेल ऑस्ट्रेलिया को अफगानिस्तान पर जीत दिलाई थी।

ऐसा लग रहा था कि फिर ऑस्ट्रेलियाई टीम जीत जाएगी, लेकिन गुलबदीन ने मैक्सवेल को आउट कर ऑस्ट्रेलिया की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। 2022 टी20 विश्व कप में भी अफगानिस्तान की टीम ऑस्ट्रेलिया से महज चार रन से हार गई थी। तब ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 168 रन बनाए थे। जवाब में अफगानिस्तान 20 ओवर में सात विकेट पर 164 रन बना सकी थी। हालांकि, इन छोटी-छोटी हार के बाद अफगानिस्तान ने उम्मीदें नहीं छोड़ीं और अब ऑस्ट्रेलिया को हराकर पुराने मैचों का बदला भी ले लिया।

## दारू घोटाले की जड़ पर चला कुदाल

श्रीकंचनपथ




छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले ने एक सरकार की लंका लगा दी है। आज भी उसके कई नेता सींखचों के पीछे हैं वहीं कुछ और के अंदर जाने की तैयारी है। शराब घोटाले का भूत पिछले लगभग डेढ़-दो साल से नेताओं को डरा रहा था। साय सरकार ने इस भूत को पकड़ कर बोतल में बंद कर दिया है। अब विदेशी मदिरा की खरीदी बिचौलिये नहीं करेंगे। सरकारी कंपनी बेवरेज कार्पोरेशन खुद ही शराब की खरीदी करेगा। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में भी बढ़िया अंग्रेजी शराब न केवल उपलब्ध हो जाएगी बल्कि सस्ती भी मिलेगी। शराब बंदी की मांग करने वालों को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी जानी चाहिए। दरअसल, जब-जब देश की मूलभूत समस्याओं की बात आती है तो इस विशाल आबादी के लिए रोजगार के अवसरों की भी बात होती है। सरकार कहती है कि स्वरोजगार को अपनाइए। आंत्रप्रीनोर बनिए, बिचौलिया बनिए। राजस्थान की सरकार को भी जब अपने बिजली घरों के लिए छत्तीसगढ़ से कोयला निकालना होता है तो जंगल काटने का काम वन विभाग करता है और खुदाई का काम अडानी। कुछ ऐसी ही योजना छत्तीसगढ़ की पिछली से पिछली सरकार ने बनाई थी। उसने विदेशी मदिरा अर्थात एफएल की खरीदी के लिए एफएल-10 लाइसेंस जारी करने की योजना बनाई। पर योजना परवान चढ़ती, इससे पहले ही सरकार चली गई। पिछली सरकार ने अपने कार्यकाल के तीसरे साल में इस योजना को लागू कर दिया। इसके बाद विदेशी मदिरा बनाने वाली कंपनियों से माल खरीदने का काम एजेंसियों के पास चला गया। इसमें तीन एजेंसियां लगी हुई थीं। एजेंसियां मुनाफे के लिए काम करती हैं। इसलिए जिस कंपनी ने ज्यादा कमीशन दिया, उसी का माल खरीदा जाने लगा। इसके दो नुकसान हुए। पहला तो यह कि विदेशी मदिरा महंगी हो गई। दूसरा यह कि अच्छी कंपनियों की विदेशी शराब छत्तीसगढ़ में मिलना ही बंद हो गई। अच्छी ब्रांड की महंगी दारू छोटे-मोटे लोग नहीं पीते। इसकी मांग ठेकेदारों, उच्च सरकारी अधिकारियों और नेताओं के बीच ज्यादा होती है। जिसने कभी चाय नहीं बेची, वह भी जानता है कि दारू के धंधे में अथाह पैसा है। इसकी दुकान के लिए मौके की जगह भी नहीं तलाशनी होती। जहां कहीं भी इसकी दुकान खुले, ग्राहक वहां तक पहुंच ही जाता है। इस मोटी कमाई में लगी निजी कंपनियां मुफ्त का माल कमा रही थी। उन्हें सिर्फ निर्माता कंपनी से सौदा पटाना होता था। शराब को स्टोर तो सरकारी गोदाम में किया जाता है। सिर्फ कमीशन में कमाए गए करोड़ों रुपए से एजेंसी के साथ-साथ उसके राजनीतिक आका भी पल जाते थे। इसलिए इस लिंक को तोड़ा जाना जरूरी थी। युद्ध जीतने के दो तरीके होते हैं। या तो पूरे जोश और तैयारी के साथ हमला कर दो या फिर दुश्मन की रसद की लाइन काट दो। राशन-पानी नहीं पहुंचेगा तो दुश्मन फड़फड़ा कर सरेंडर कर देगा। दारू से किसी की जाति दुश्मनी थोड़े ही है।



## संपादकीय

# फिर भटकता कनाडा

कनाडा में बढ़ते भारत विरोधी अलगाववाद की जितनी निंदा की जाए, कम होगी। भारत सरकार ने उचित ही कनाडा सरकार से कड़ा विरोध दर्ज कराया है। फिर एक बार खून-खराबे को लालायित चंद खालिस्तानी चरमपंथियों ने तथाकथित नागरिक अदालत आयोजित की है और वैंकूवर में भारतीय वाणिज्य दूतावास के बाहर प्रधानमंत्री का पुतला जलाया है, तो कतई हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठा जा सकता।

> भारत ने कनाडाई उच्चायोग को बाकायदे एक राजनयिक नोट जारी करते हुए अलगाववादी तत्वों की ताजा हरकतों पर अपनी गंभीर आपत्ति जताई है। कनाडा में भारत विरोध को जिस तरह से भड़काने की लगातार साजिशें हो रही हैं, उसमें कहीं न कहीं उस देश की मुख्यधारा की राजनीति का हल्कापन जिम्मेदार है, तभी तो घोषित आतंकी निज्जर को वहां की संसद में मौन श्रद्धांजलि दी गई है। यह वही निज्जर है, जिस पर भारत में हत्या का आरोप था, जो मोस्ट वांटेड आतंकियों की सूची में शामिल था। उसकी मौत पर कनाडा में आंसू बहाने वालों की जमात निरंतर उग्र होती जा रही है, तो भारत सरकार को कुछ ज्यादा ही सचेत रहना चाहिए।

अब यह बात कतई छिपी नहीं है कि जस्टिन ट्रूडो की सरकार अलगाववादियों को खूनी खिलवाड़ का मौका दे रही है। लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर अलगाववाद के प्रति नरमी खुद कनाडा के समाज पर भारी पड़ेगी। अलगाववाद का समर्थक पाकिस्तान आज किस मुकाम पर है, यह हर कोई देख रहा है। बेशक, दोनों देशों के बीच मुख्य मुद्दा कनाडा सरकार द्वारा अपनी धरती पर सक्रिय हिंसक तत्वों को छूट देने का है। दरअसल, कनाडा अपने ही इतिहास को भूल गया है। साल 1985 में 25 जून को मॉन्ट्रियल से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट को कनाडाई सिख आतंकियों ने बम विस्फोट से उड़ा दिया था। जमीन से 31,000 फीट ऊपर बम विस्फोट हुआ था, जिसमें 268 कनाडाई, 27 ब्रिटिश व 24 भारतीय मारे गए थे। यह बमबारी आज भी विमानन आतंकवाद के सबसे दर्दनाक दुष्कृत्यों में से एक है। फिर 23 जून दहलीज पर है, पीड़ित परिजन अपनों की शहादत को हर साल की तरह इस बार भी याद करना चाहते हैं, लेकिन अलगाववादियों को यह चुभ रहा है। विडंबना देखिए, निज्जर को तो संसद में श्रद्धांजलि दी गई, मगर आतंकी हमले के शिकार बेगुनाहों को बाहर कहीं श्रद्धांजलि देने पर आपत्ति हो रही है? ऐसे में, भारत सरकार ने आधिकारिक निंदा का सहारा लेकर दोटूक संदेश दिया है, जो कनाडा के कर्णधारों तक जरूर पहुंचना चाहिए।

यह भी गौर करने की बात है कि कनाडा में ही अच्छी नसीहत देने वाले कम नहीं हैं। भारतीय मूल के कनाडाई सांसद चंद्र आर्य ने साफ शब्दों में कहा है कि आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार विचारधारा अब भी उनके देश में कुछ लोगों के बीच जीवित है। कनाडाई संसद में बोलते हुए आर्य ने उचित ही कहा कि खालिस्तान समर्थकों द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या का जश्न मनाना यह दर्शाता है कि स्याह ताकतें फिर सक्रिय हो गई हैं। वहां हिंदुओं और उनके आयोजनों को निशाना बनाया जाने लगा है। कनाडा 1980 के दशक में ऐसी ही आग से गुजर चुका है, वहां की सरकार ने जब आतंकवाद का दर्द झेलने के बाद कड़ी कार्रवाई की थी, तब अलगाववादी आग काबू में आई थी, आज फिर वैसी ही जरूरत आन पड़ी है।

# पैसों का पूरा इस्तेमाल तो करें राज्य सरकारें

योगेंद्र मकवाना, तत्कालीन केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री

चर्चा में जिन 41 सदस्यों ने हिस्सा लिया, मैं उन सबका धन्यवाद करता हूं। कई सदस्यों ने अच्छे सुझाव दिए हैं। 1950 तक अभाव से राहत या प्राकृतिक आपदाओं से राहत के लिए ऐसा कोई प्रावधान नहीं था, दूसरे वित्त आयोग द्वारा इस मुद्दे पर काफी अच्छी तरह से चर्चा हुई और राज्य सरकारों द्वारा और लोगों के प्रतिनिधियों द्वारा कई सुझाव दिए गए थे कि आपदाओं से निपटने के लिए कुछ निधियां होनी चाहिए, क्योंकि प्राकृतिक आपदाएं बिना सूचना के आती हैंऔर उनके लिए धन नहीं मिलता है। इसलिए कुछ प्रावधान होने चाहिए।

दूसरे वित्त आयोग के दौरान सीमांत धन के नाम से इस प्रावधान को शुरू किया गया था। अब इस राशि को दोगुने से अधिक कर दिया है। छठे वित्त आयोग तक अग्रिम सहायता योजना देने की व्यवस्था थी, अनुदानों के लिए कोई प्रावधान नहीं था, जो अब सातवें वित्त आयोग ने बाढ़ों, तूफानों, ओलावृष्टि और भूकंप के लिए इसे शुरू किया है। अनुदानों का प्रावधान सातवें वित्त आयोग ने शुरू किया था। तब तक यह केवल अग्रिम सहायता योजना थी और इन विपत्तियों से निपटने के लिए राज्य सरकारें उत्तरदायी थीं और वे इनके लिए व्यय अपनी निधियों से पूरा करती थीं। राज्य सरकारें लोगों को राहत देने के लिए जो कार्य शुरू करती हैं, उन सभी के लिए केंद्रीय सरकार द्वारा सहायता करना मुश्किल है। गत वर्ष सारे देश में अभूतपूर्व बाढ़ आई थी तथा फिर सूखा पड़ा था। चौदह राज्यों तथा दो केंद्रशासित प्रदेशों में सूखे से नुकसान हुआ था और सभी 22 राज्यों एवं चार केंद्रशासित प्रदेशों में बाढ़, ओलावृष्टि, तूफानों आदि तथा यहां तक कि आग से भी नुकसान हुआ था। आग पर पहले राज्यों को राहत नहीं दी जाती थी, पर हाल ही में आठवें वित्त आयोग ने इसे शामिल किया है।

राज्य सरकारों द्वारा की जाने वाले धनराशि की मांग बढ़ रही है। यह हमारा अनुभव है और हमें प्राप्त हुए ज्ञापनों से तथा राज्यों में जो नुकसान हुआ है, उससे पता चलता है कि कुछ मांगें बढ़ाकर भी बताई गई हैं। मिसाल के लिए, वर्ष 1985-86 में आंध्र प्रदेश की एआरडब्ल्यूएसएस, त्वरित ग्रामीण जल आपूर्ति योजना के अंतर्गत 1,587.45 लाख रुपये की राशि दी गई थी, पर इस्तेमाल कितनी राशि का किया गया है? केवल 582 लाख रुपये, अर्थात 36 प्रतिशत धनराशि का इस्तेमाल किया गया था। अब किसको दोष दें? क्या भारत सरकार दोषी है? अथवा क्या यह राज्य सरकार है, जिसने दी गई राशि का इस्तेमाल नहीं किया है? मैंने प्रभावित क्षेत्रों के ऊपर से हेलिकाप्टर में उड़ान भरी है, पर ये अधिकारीगण, जो वहां जाते हैं, वास्तव में कार्य कर रहे हैं। वे प्रात: जाकर देर शाम तक लौटते हैं और कभी-कभी उन्हें अपना दोपहर का भोजन भी छोड़ना पड़ता है। हमें उनके प्रति भी न्याय करना चाहिए।

बाढ़, चक्रवात और सूखा इत्यादि के लिए दी जाने वाली राहत के समय अपनाए जाने वाले मानदंडों को बदलने के लिए सिर्फ प्रोफेसर मधु दंडवते ने ही नहीं कहा है, बल्कि लगभग प्रत्येक सदस्य ने कहा है। वे चाहते हैं कि प्रत्येक वस्तु अनुदान के रूप में दी जाए, किंतु यह संभव नहीं है। ये मानदंड वित्त आयोग द्वारा निर्धारित किए जाते हैं। जब वित्त आयोग का गठन किया जाता है, तब राज्य सरकारों को वित्त आयोग से मिलने, उसको अपना ज्ञापन देने और अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाता है। हमारा देश एक देश नहीं, उप-महाद्वीप है और उप-महाद्वीप में अनेक प्रकार के जलवायु क्षेत्र हैं। कुछ क्षेत्रों में वर्षा अधिक है और कुछ क्षेत्रों में सूखा है, इसलिए यह एक स्थायी समस्या है और यह सिर्फ दीर्घकालिक उपायों से सुलझाई जा सकती है, जो सरकार ने किए हैं, और जिनका मैंने उल्लेख किया है, पर घन का अभाव होने के कारण समय पर प्रत्येक काम करना संभव नहीं है।

**( लोकसभा में दिए गए उद्बोधन से )**

## नजरिया

# आधी रात तक जागते बच्चे और उनका ब्लड प्रेशर

*कल एक खबर पढ़ते हुए कई साल पहले की घटना दिमाग में कौंध गई। बुखार के कारण मैं एक डॉक्टर के पास पहुंची थी। सामने एक छह-सात साल की बच्ची बैठी थी। उसकी नकसीर बह रही थी। मां बार-बार रूमाल से पोंछ रही थी।*

क्षमा शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार



बच्ची डॉक्टर के सामने गई, तो कुछ देर वह सोचते रहे। फिर मां से पूछा, तो पता चला कि कल से रह-रहकर ऐसा हो रहा है। डॉक्टर ने बच्ची का 'ब्लड प्रेशर' मापा। ऊपर का बीपी ढाई सौ से ऊपर और नीचे का एक सौ दस था। डॉक्टर हतप्रभ थे। देखने वालों के लिए भी यह आश्चर्य की बात थी कि इतनी छोटी बच्ची को ब्लड प्रेशर, जबकि इसे तो उम्रदराज लोगों का रोग माना जाता है। न जाने उस बच्ची का क्या हुआ होगा! मगर जिस खबर का ऊपर जिक्र किया, वह भी बच्चों में बढ़ते ब्लड प्रेशर से संबंधित थी।

कई अध्ययनों और शोध के मुताबिक, भारत में स्कूल जाने वाले बच्चों में से सात प्रतिशत बच्चे 'हाई ब्लड प्रेशर' यानी उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं। दुनिया भर में बच्चों और किशोरों में बीपी बढ़ रहा है। बच्चों में मोटापा भी इसका एक बड़ा कारण है। अब तक माना जाता था कि योग, कसरत और खान-पान का ध्यान रखकर इसे कंट्रोल में रखा जा सकता है। मगर बच्चों के स्वास्थ्य से संबंधित पत्रिका में छपे एक लेख में बताया गया है कि उनमें उच्च रक्तचाप को रोकने के लिए जरूरी है कि वे पूरी नींद लें। जिन बच्चों को बीपी की समस्या है, उनकी काउंसलिंग के वक्त उन्हें सही समय पर सोने की हिदायतें दी जानी चाहिए। डॉक्टर उनके अभिभावकों को भी जागरूक करें। उच्च रक्तचाप से ग्रसित 539 बच्चों और किशोरों पर किए गए अध्ययन के निष्कर्ष इस पत्रिका में छापे गए हैं। डॉक्टरों ने अपने अध्ययन में यह पाया है कि जो बच्चे ज्यादा देर तक गहरी नींद लेते हैं, उनका रक्तचाप संतुलित रहता है। इसलिए ज्यादा नींद और जल्दी सोना जरूरी है।

मगर दिक्कत यह है कि आजकल बच्चे भी आधी रात तक जागते रहते हैं। उनका बहुत सारा समय मोबाइल पर बीतता है। ऐसी कई रिपोर्ट आ ही चुकी हैं कि काफी बच्चों को मोबाइल की ऐसी लत लग चुकी है कि वे न बाहर खेलते-कूदते हैं और न ही किसी शारीरिक काम में दिलचस्पी लेते हैं। यहां तक कि वे दोस्तों से भी नहीं मिलते। स्क्रीन देखते हुए वे कुछ न कुछ खाते रहते हैं। खाने-पीने की इन चीजों में भी जंक फूड अधिक होता है, जिससे उनका मोटापा भी बढ़ता है। इससे न केवल बल्ड प्रेशर, बल्कि डायबिटीज और जोड़ों की समस्याएं भी बढ़ती हैं।

दुनिया भर में बच्चों में मोटापा एक महामारी का रूप लेता जा रहा है। इस पर नियंत्रण के लिए अक्सर बताया जाता है कि बच्चों को स्क्रीन से ज्यादा से ज्यादा दूर रखें। उन्हें मोबाइल थोड़े समय के लिए दें, मगर ऐसा हो नहीं पाता। बहुत से माता-पिता कहते हैं कि अगर हम बच्चों को मोबाइल देना बंद करते हैं, तो वे अपने दोस्तों के मुकाबले खुद को हीन समझते हैं। दोस्त उनका मजाक भी उड़ाते हैं। बच्चों के बीच एक से एक नए ब्रांड का मोबाइल उनकी हैसियत का प्रतीक बन गया है। दूसरी तरफ डॉक्टरों का कहना है कि ज्यादा स्क्रीन टाइम का मतलब है, देर से सोना। इसके अलावा बहुत से मामलों में नींद ही न आना। विशेषज्ञों के अनुसार, अच्छी नींद का हमारे हृदय के स्वास्थ्य से भी संबंध है। दिमागी स्वास्थ्य के लिए भी गहरी और लंबी नींद जरूरी है। छह से बारह साल के बच्चों को कम से कम बारह घंटे सोना चाहिए। यही नहीं, सोने से कम से कम आधा घंटे पहले टीवी, मोबाइल कुछ नहीं देखना चाहिए। ये तो ऐसी हिदायतें हैं, जो हर उम्र के व्यक्ति के लिए जरूरी हैं। मगर बच्चों की सेहत के लिए ये अनिवार्य हैं।

छोटी उम्र में उच्च रक्तचाप जैसी स्वास्थ्य समस्या का मतलब है, पूरी जिंदगी उसे भुगतना। भारत में यदि सात प्रतिशत बच्चे इसके शिकार हैं, तो सोचिए कि उनकी संख्या कितनी बड़ी है और ये प्रतिशत भी सिर्फ उन बच्चों का है, जो स्कूल जाते हैं। बहुत से बच्चे, जो स्कूल नहीं जाते, उनकी समस्या का निपटारा कैसे हो? हर जगह सही जांच के तौर-तरीके भी उपलब्ध नहीं हैं। फिर यह भी सोचा जाता है कि बच्चों को कोई गंभीर बीमारी होती ही नहीं। ऐसे में, इस चिंताजनक स्थिति पर अभिभावकों का ध्यान देना भी जरूरी है।

**( ये लेखिका के अपने विचार हैं )**

# लोकसभा का अगला स्पीकर कौन?

संजय दीक्षित

नई संसद का पहला सत्र 24 जून से शुरू हो रहा है। 26 जून को लोकसभा के लिए स्पीकर और डिप्टी स्पीकर पद के लिए चुनाव होगा। परम्परा के अनुसार डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष को दिया जाता है। परन्तु पिछली लोकसभा में कोई भी अधिकृत विपक्ष का नेता नहीं था क्योंकि उसके पर्याप्त संख्या में लोकसभा में सदस्य नहीं थे। शुरू-शुरू में जनता दल (यूनाइटेड) ने रेलवे और वित्त मंत्रालय की मांग की थी, तेलगुदेशम ने स्पीकर का पद चाहा था। परन्तु भाजपा स्पीकर का पद अपने पास रखना चाहती है। असल में किस सदस्य को निष्कासित करना या किसी दल में टूटन की स्थिति में कौन असली पार्टी है, किसके पास चुनाव चिन्ह रहेगा, स्पीकर तय करता है।

पिछले दिनों हुई बैठक में जिसमें एन.डी.ए. के सहयोगी दलों के सदस्य थे, उन्होंने सर्वसम्मति से स्पीकर पद पर भाजपा के चुनने का अधिकार दे दिया है। भाजपा ने उदारता दिखलाते हुए डिप्टी स्पीकर का पद अन्य सहयोगी दलों को देना तय हुआ है । ऐसी स्थिति में विपक्ष स्पीकर के लिए अपना उम्मीदवार उतार सकती है, यद्यपि संख्या बल को देखते हुए उसका जीतना असंभव है। असल में स्पीकर का आसन बहुत जिम्मेदारी का होता है। सभी सदस्यों को उसके प्रति उदारता दिखलानी चाहिए। परन्तु इस चुनाव में दोनों पक्षों की ओर से जैसा प्रचार हुआ, उसे कड़वाहट और बढ़ गई और विपक्ष अपना उम्मीदवार जरूर उतारेगी। यद्यपि उसके जीतने के कोई चांस नहीं है, फिर भी इससे स्पीकर पद की गर्म में तो कमी आयेगी ही।

असल में शायद भाजपा पुन: ओम बिरला को चुनना पसंद करे और डिप्टी स्पीकर के लिए तेलुगु देशम की किसी महिला को यह पद देना चाहेंगे। चन्द्रबाबू नायडू की पत्नी दग्गुबाती पुरंदेश्वरी का नाम स्पीकर पद के लिए लिया जा रहा था, पर वे इतनी सीनियर हैं कि डिप्टी स्पीकर का पद शायद ही स्वीकार करें।

जब कोई दल टूटता है तो स्पीकर का निर्णय अहम हो जाता है। महाराष्ट्र में शिवसेना की टूटने पर स्पीकर ने अपना फैसला डाले रखा, और चाहा कर भी सुप्रीम कोर्ट इसमें दखल नहीं दे सका कि यह आरोप न लगे कि स्पीकर के अधिकार का सुप्रीम कोर्ट ने अतिक्रमण किया है।

यूं कहने के लिए यह एन.डी.ए. की सरकार है परन्तु असल में यह भाजपा की ही सरकार है। मंत्री पद के बंटवारे से यह बात बिल्कुल स्पष्ट हो गई है। असल में जे.डी.यू. के 12 और तेलुगु देशम के 16 सदस्यों के अलावा शेष दल के मात्र एक-एक सांसद हैं और सभी को मंत्री पद मिल गये हैं। वे किस बलबूते पर बगावत कर सकते हैं। भाजपा 240 सीटें जीतकर बहुमत के आंकड़े से 32 काम हैं। परन्तु अनेक स्वतंत्र उम्मीदवारों ने भाजपा का समर्थन किया है। ऐसे में अन्य दलों में नरेंद्र मोदी की पर्सनेलिटी के बराबर कोई टिक ही नहीं सकता। इस कारण इस तीसरे कार्यकाल में भी मोदी जी उसी तत्परता से अपना लक्ष्य पूरा कर सकेंगे, जैसे वे पिछले कार्यकालों में कर चुके हैं।

असल में 400 पर का नारा और भाजपा को 370 के नारे ने लोगों में उदासीनता भर दी थी। फिर इस भयंकर गर्मी में बहुत से भाजपा के समर्थक वोट डालने गये ही नहीं। इसी कारण इस बार वाराणसी से नरेंद्र मोदी जी को उतने मतों से बढ़त नहीं मिली जितने पहले और दूसरे कर्यकाल के दौरान मिली थी।

मोदी जी का करिश्मा ही कुछ ऐसा है, कि लोग अपने को मोदी का परिवार मानते हैं। फिर उनकी कर्मठता और निष्ठा के सामने कोई भी विपक्ष का नेता टिक नहीं पाता। विपक्ष वैसे भी खंडित है, तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल में अकेले चुनाव लड़ा। मायावती ने विपक्ष को ज्वाइन ही नहीं किया यद्यपि इस बार लोकसभा में उनका कोई उम्मीदवार नहीं है।

असल में जिस तेजी से विभिन्न क्षेत्रों में देश में विकास हो रहा है, उसको देखते हुये तो सभी को एक होकर भारत के विश्व गुरु बनने में मदद करनी चाहिए, क्योंकि व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से बढ़कर देश का विकास पहले है।

## जीरो टेरर प्लान

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई अपने निर्णायक चरण में है। आतंकवाद बड़ी संगठित आतंकी हिंसाओं से सिमट कर महज छद्म लड़ाई रह गया है। केंद्रशासित प्रदेश में हाल ही में हुए आतंकी हमलों के मद्देनजर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक हुई जिसमें शाह ने आंतकी गतिविधियों पर पूरी तरह नकेल कसने यानी जीरो टेरर प्लान लागू करने का निर्देश दिया। उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों को मिशन मोड पर काम करने और समन्वित तरीके से त्वरित प्रतिक्रिया सुनिशिचत करने का भी निर्देश दिया। मोदी सरकार के जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने में कोई कसर न छोड़ने की बात भी दोहराई। आने वाले महीनों में प्रदेश में चुनाव भी होने हैं, और चौबंद सुरक्षा से चुनाव सहजता से कराने में मदद मिलेगी। शाह ने जून के अन्त में शुरू होने वाली पवित्र अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की भी समीक्षा की। हालांकि बीते हफ्ते ही आतंकियों ने राज्य के रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार स्थानों पर हमले किए जिनमें नौ तीर्थयात्रियों मौत और एक जवान शहीद हो गया। घटना में सात सुरक्षाकर्मियों समेत कई अन्य घायल हुए हैं।

हालांकि इस दरम्यान मुठभेड़ में सेना ने दो आतंकी मारे गिराए जिनकी पहचान पाकिस्तानी नागरिक के तौर पर हुई। उनके पास से भारी मात्रा में गोला-बारूद और हथियार बरामद हुए। सरकार के कड़े रुख और स्पष्ट निर्देशों के चलते सैन्य बलों का उत्साह लगातार बढ़ रहा है। खासकर मोदी सरकार के शांति बहाली के प्रयासों से स्थानीय रहवासी भी सुकून की सांस ले पा रहे हैं। सीमा पार से आतंक रोकने और घुसपैठियों का खात्मा करने की कोशिशों का ही नतीजा है कि कश्मीर में पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। सरकार द्वारा बहुस्तरीय सुरक्षा कवर लगाने का आह्वान तथा तीर्थस्थलों और सभी पर्यटन स्थलों के प्रति सुरक्षा बढ़ाने की कवायद में तेजी लाने का असर जल्द देखने को मिल सकता है। मानव खुफिया जानकारी जुटाने और घुसपैठ के ठिकानों को बंद करने के अलावा क्षेत्र में सक्रिय आतंकियों का सफाया करने निर्णय केंद्र के सकारात्मक प्रयासों का नमूना है। प्रतीत हो रहा है कि तीसरी बार सत्ता में आते ही मोदी सरकार ने पूरी तैयारी के साथ आतंकवाद से जूझने के लिए कमर कस ली है।

# वैश्विक गर्मी का चरम

प्रमोद भार्गव

इस बार वैश्विक गर्मी चरम पर है। विश्व मौसम संगठन (डब्ल्यूएमओ) के अनुसार बीते वर्ष और पिछले दशक ने धरती पर आग बरसाने का काम किया है। अमेरिका की पर्यावरण संस्था वैश्विक विटनेस और कोलंबिया विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन के निष्कर्ष में पाया है कि तेल और गैस के अधिकतम मात्रा में उत्पादन से यह हालात निर्मित हुए हैं।

यदि इन ईंधनों के उत्सर्जन का यही हाल रहा तो 2050 तक गर्मी अपने चरम पर होगी। डब्ल्यूएमओ ने चेतावनी दी है कि अगले पांच साल में वैश्विक तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने की 66 प्रतिषत आषंका है। इस गर्मी से जीव-जगत की क्या स्थिति होगी, इसका अनुमान लगाना भी मुश्किल है। यूनिसेफ के साथ साझेदारी में अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान 'हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट (एचईआइ)' ने अपनी रपट में बताया है कि 2021 में दुनिया भर में 81 लाख लोगों की मौत वायु प्रदूषण से हुई है। इनमें भारत में 21 लाख और चीन में 23 लाख मौतें दर्ज की की गई हैं। 2021 में भारत में पांच वर्ष के कम आयु के एक लाख 69 हजार 400 बच्चों की मौतें हुई हैं।

इसके साथ ही नाइजीरिया, पाकिस्तान, इथौपिया और बांग्लादेश में भी हजारों बच्चे वायु प्रदुषण के चलते काल के गाल में समा गए हैं। समूचे विश्व में बढ़ते वैश्विक तापमान और जलवायु परिवर्तन के कारण प्राकृतिक आपदाओं की संख्या और तीव्रता में निरंतर बढ़ोत्तरी हो रही है। इसीलिए कहा जा रहा है कि इस बार धरती पर प्रलय बाढ़ से नहीं आसमान से बरसने वाली आग से आएगी। इसके संकेत प्रकृति लगातार दे रही है। फिर भी विडंबना है कि दुनिया के नीति-नियंता चेत नहीं रहे है। धरती पर रहने वाले जीव-जगत पर करीब तीन दशक से जलवायु परिवर्तन के वर्तमान और भविष्य में होने वाले संकटों की तलवार लटकी हुई है। मनुष्य और जलवायु बदलाव के बीच की दूरी निरंतर कम हो रही है। इस संकट से निपटने के उपायों को तलाशने के लिए 198 देश जलवायु सम्मेलन करते हैं। इन सम्मेलनों में होने वाली परिचर्चाओं के निष्कर्ष में वैश्विक तापमान के बढ़ते कारणों में कोयला, तेल और गैस अर्थात जीवाष्म ईंधन को माना जाता रहा है। इसके उपयोग को धीरे-धीरे कम करने की नसीहतें भी दी जाती रही हैं। लेकिन अब तक नतीजे ढांक के तीन पात्र रहे हैं। इन सम्मेलनों का एक ही प्रमुख लक्ष्य रहा है कि दुनिया उस रास्ते पर लौटे, जिससे बढ़ते वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक स्थिर रखा जा सके। लेकिन अब जो संकेत मिल रहे हैं, उनसे स्पश्ट है कि कुछ ही सालों के भीतर गर्मी तापमान की इस सीमा का उल्लंघन कर लेगी। क्योंकि इस बार तीन सप्ताह से लगातार गर्मी का तापमान 40 से 55 डिग्री तक बना रहा है। राजधानी दिल्ली में यह तापमान 52.9 डिगी तक पहुंच चुका है। सऊदी अरब में भीषण गर्मी के चलते 1000 से ज्यादा हज यात्रियों की मौत हो चुकी हैं। इनमें 98 भारतीय हैं। इस गर्मी का अनुमान पर्यावरणविदों ने पहले से ही लगा लिया है। इन्हीं की सलाह पर 100 से ज्यादा देश 2030 तक दुनिया की नवीनीकरण योग्य ऊर्जा को बढ़ाकर तीन गुना करने के प्रयास में लगे हुए हैं। इसके अंतर्गत अक्षय ऊर्जा के प्रमुख स्रोत सूर्य, हवा और पानी से बिजली बनाने के उपाय सुझाए गए हैं। इस सिलसिले में प्रेरणा लेने के लिए ऊग्रूवे जैसे देश का उदाहरण दिया जा रहा है, जो अपनी जरूरत की 98 फीसदी ऊर्जा इन्हीं स्रोतों से प्राप्त करता है। इस साल दुनिया में सूरज से कुल खपत की छह प्रतिशत ऊर्जा प्राप्त हो रही है।

प्रत्येक तीन साल के भीतर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की क्षमता दोगुनी बढ़ रही है। अगले दस साल में इसके 10 गुना बढ़ने की उम्मीद है। 2035 तक सौर्य ऊर्जा बिजली का सबसे बड़ा स्रोत होगी। 2040 तक बिजली समेत अन्य ऊर्जा की जरूरतें इन्हीं सौर्य ऊर्जा संयंत्रों से पूरी होने की उम्मीद है। सोलर पैनलों से पैदा होने वाली बिजली ऊर्जा के अन्य स्रोतों से लागत में सस्ती है। इसका चिंताजनक पहलू यही है कि इस ऊर्जा को पैदा करने वाले सौर पैनल का सबसे ज्यादा निर्माण चीन में होता है। इस कारण वह इनकी कीमत अपनी इच्छा के अनुसार दुनिया के देशों से वसूलता है। भारत भी सूर्य से ऊर्जा उत्पादन की दिशा में लगातार बढ़ रहा है। अडानी समूह हरित ऊर्जा के संयंत्र गुजरात और राजस्थान में लगा रहा है। लेकिन यह एक अपवाद हैं, हकीकत यह है कि यूक्रेन और रूस तथा इजरायल और हमास के बीच चलते भीषण युद्ध के कारण कोयला जैसे जीवाश्म ईंधन से ऊर्जा उत्पादन का प्रयोग बढ़ा है और बिजली उत्पादन के जिन कोयला संयंत्रों को बंद कर दिया गया था, उनका उपयोग फिर से शुरू हो गया है।

पर्यावरण विज्ञानियों ने बहुत पहले जान लिया था कि औद्योगिक विकास से उत्सर्जित कार्बन और शहरी विकास से घटते जंगल से वायुमंडल का तपमान बढ़ रहा है, जो पृथ्वी के लिए घातक है। इस सदी के अंत तक पृथ्वी की गर्मी 2.7 प्रतिषत बढ़ जाएगी, नतीजतन पृथ्वीवासियों को भारी तबाही का सामना करना पड़ेगा। इस मानव निर्मित वैष्विक आपदा से निपटने के लिए अंतरराश्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन जिसे कांफ्रेंस ऑफपार्टीज (सीओपी/कॉप) के नाम से भी जाना जाता है में पेरिस समझौते के तहत वायुमंडल का तापमान औसतन 1.5 डिग्री सेल्सियस से कम रखने के प्रयास के प्रति भागीदार देषों ने वचनबद्धता भी जताई।

लेकिन वास्तव में अभी तक 56 देषों ने संयुक्त राश्ट्र के मानदंडों के अनुसार पर्यावरण सुधार की घोशणा की है। इनमें यूरोपीय संघ, अमेरिका, चीन जापान और भारत भी षामिल है। लेकिन लंबे समय से चल रहे रूस और यूक्रेन तथा इजरायल और फिलिस्तीन युद्ध के चलते नहीं लगता कि कार्बन उत्सर्जन पर नियंत्रण नवीकरणीय ऊर्जा को जो बढ़ावा दिया जा रहा है, वह स्थिर रह पाएगा। क्योंकि जिन देशों ने वचनबद्धता निभाते हुए कोयला से ऊर्जा उत्सर्जन के जो संयंत्र बंद कर दिए थे, उनमें से कई रूस ने चालू कर लिए हैं।

नवंबर 2021 में ग्लासगो में हुए वैष्विक सम्मेलन में तय हुआ था कि 2030 तक विकसित देष और 2040 तक विकासषील देष ऊर्जा उत्पादन में कोयले का प्रयोग बंद कर देंगे। यानी 2040 के बाद थर्मल पावर अर्थात ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले से बिजली का उत्पादन पूरी तरह बंद हो जाएगा।

तब भारत-चीन ने पूरी तरह कोयले पर बिजली उत्पादन पर असहमति जताई थी, लेकिन 40 देषों ने कोयले से पल्ला झाड़ लेने का भरोसा दिया था। 20 देषों ने विष्वास जताया था कि 2022 के अंत तक कोयले से बिजली बनाने वाले संयंत्रों को बंद कर दिया जाएगा। आस्ट्रेलिया के सबसे बड़े कोयला उत्पादक व निर्यातक रियो टिंटो ने अपनी 80 प्रतिषत कोयले की खदानें बेच दीं थीं, क्योंकि भविश्य में कोयले से बिजली उत्पादन बंद होने के अनुमान लगा लिए गए थे। परंतु उपरोक्त युद्धों के चलते अनेक देषों ने अपने थर्मल पावर बंद नहीं किए हैं।

इन बदलते हालातों में हमें जिंदा रहना है तो जिंदगी जीने की षैली को भी बदलना होगा। हर हाल में ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती करनी होगी। यदि तापमान में वृद्धि को पूर्व औद्योगिक काल के स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करना है तो कार्बन उत्सर्जन में 43 प्रतिषत कमी लानी होगी। आईपीसीसी ने 1850-1900 की अवधि को पूर्व औद्योगिक वर्श के रूप में रेखांकित किया हुआ है। इसे ही बढ़ते औसत वैष्विक तापमान की तुलना के आधार के रूप में लिया जाता है। गोया, कार्बन उत्सर्जन की दर नहीं घटी और तापमान में 1.5 डिग्री से ऊपर चला जाता है तो असमय अकाल, सूखा, बाढ़ और जंगल में आग की घटनाओं का सामना निरंतर करते रहना पड़ेगा।

इन गर्मियों में भारत समेत न केवल दुनिया के जंगलों में आग की घटनाएं बड़ी हैं, बल्कि उद्योग, अस्पताल और घरों तथा खड़ी व चलती कारों में भी बड़ी संख्या में आग की घटनाएं देखने में आ रही हैं। बढ़ते तापमान का असर केवल धरती पर होगा, ऐसा नहीं है। समुद्र का तापमान भी इससे बढ़ेगा और कई षहरों के अस्तित्व के लिए समुद्र संकट बन जाएगा। इसी सिलसिले में जलवायु परिवर्तन से संबंधित संयुक्त राश्ट्र की अंतर-सरकारी समिति की ताजा रिपोर्ट के अनुसार सभी देष यदि जलवायु बदलाव के सिलसिले में हुई क्योटो-संधि का पालन करते हैं, तब भी वैष्विक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में 2010 के स्तर की तुलना में 2030 तक 10.6 प्रतिषत तक की वृद्धि होगी। नतीजतन तापमान भी 1.5 से ऊपर जाने की आषंका बढ़ गई है। दुनिया में बढ़ती कारें भी गर्मी बढ़ाने का सबसे बड़ा कारण बनती जा रही हैं। 2024 में वैश्विक स्तर पर कारों की संख्या 1.475 बिलियन आंकी जा रही है। मसलन प्रत्येक 5.5 व्यक्ति पर एक कार हैं। जो आज कल गांव-गांव प्रदूषण फैलाने का काम कर रही हैं। इन पर भी नियंत्रण जरूरी है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**







रमन (प्रा.) आई.टी.आई.
Industrial Training Institute
Recognised by: NCVT & DGT NEW DELHI, GOVT. OF INDIA
COPA
कोपा
STENOGRAPHER (Hindi)
स्टेनोग्राफर (हिन्दी)
योग्यता 10वीं उत्तीर्ण
(एक वर्षीय पाठ्यक्रम) - प्रवेश प्रारंभ
प्रवेश लेने पर फीस में विशेष छूट
एवं फीस मासिक किस्तों में
शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति योजना
Raman I.T.I. : बाबा दीप सिंह नगर (वैशालीनगर), भिलाई, जिला-दुर्ग, छ.ग.
Call : 0788-4033571, 7389471941, 0788-4903573 4903572, 7773027492



# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### अगले पांच दिन अच्छी बारिश की संभावना

**रायपुर।** मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले पांच दिन तक गरज-चमक के साथ अच्छी बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग का कहना है कि दुर्ग, राजनांदगांव में मानसून सक्रिय होने के 24 घंटे भीतर ही रायपुर से बिलासपुर पहुंच गया। हालांकि रायपुर में मानसून चार दिन लेट पहुंचा। वहीं एक-दो दिन में मानसून पूरे छत्तीसगढ़ में सक्रिय हो जाएगा। मानसून के एक्टिव होने के साथ ही पूरे प्रदेश में आगामी सप्ताह में बारिश और गरज-चमक के बौछारें पड़ने की संभावना है। इधर, रायपुर सहित आसपास के इलाकों में बादल और बारिश से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने बताया कि एक पूर्व-पश्चिम द्रोणिका राजस्थान से मणिपुर तक 0.9 किमी ऊंचाई तक फैला हुआ है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण बिहार और उससे लगे पूर्वी उत्तर प्रदेश के ऊपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। वहीं एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर -पूर्व बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### पंडरी बस स्टैंड की रिक्त जमीन जेम्स एवं ज्वैलरी पार्क के लिए उपयुक्त

**रायपुर।** सराफा कारोबारी लंबे समय से प्रयासरत्त हैं कि राजधानी रायपुर में सर्वसुविधायुक्त जेम्स एंड ज्वैलरी पार्क का निर्माण हो सके इसके लिए रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू के नेतृत्व में लगातार शासन स्तर पर बातचीत के साथ प्रयास किए जा रहे हैं। पहले भी छत्तीसगढ़ औद्योगिक केंद्र विकास निगम द्वारा सारी औपचारिकताएँ पूर्ण कर योजना को कार्यशील करने हेतु प्रस्ताव बन चुका था,किंतु अपरिहार्य कारणों से नहीं हो पाया। अब राज्य के संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पर पूर्ण विश्वास है कि वे व्यापार हित में इसे स्वीकृति प्रदान करेंगे इसी उम्मीद में आज उनसे मिलकर मांगपत्र सौंपना था पर मुलाकात नहीं हो पाने की स्थिति में उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मिलकर उनके नाम का ज्ञापन सौंपा। मालूम हो कि पूर्व में जहां पर पंडरी में बस स्टैंड संचालित हो रहा था वह अब बस स्टैंड के भाठागांव स्थानांतरित हो जाने के बाद रिक्त है। चूंकि यह शहर के बीचो बीच व सुरक्षित क्षेत्र में हैं इसलिए इस भूमि पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर के जेम्स एवं ज्वैलरी पार्क का निर्माण होता है तो इससे शासन के राजस्व में वृद्धि एवं सराफा व्यवसाय के विस्तार की संभावना बढ़ेगी वर्तमान में यह भूमि लगभग 8.50 एकड़ है इस हेतु पूर्व में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जेम्स एवं ज्वैलरी पार्क हेतु योजना बनायी गई थी और इस हेतु छत्तीसगढ़ औद्योगिक केंद्र विकास निगम द्वारा सारी औपचारिकताएँ पूर्ण कर योजना को कार्यशील करने हेतु धरातल पर लाया गया था किंतु अपरिहार्य कारणों से नहीं हो पाया अत: आप से सनम्र निवेदन है की जेम्स एवं ज्वैलरी पार्क का निर्माण पंडरी बस स्टैंड की रिक्त भूमि पर हो सके इसलिए इसे शासन की स्वर्णिम योजनाओं में सम्मिलित करने की कृपा करे। हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है की आप हमारी इस माँग पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करेंगे। रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल में कमल सोनी, प्रकाश गोलछा, हर्षवर्धन जैन, पवन सोनी, गौतम लोढ़ा, संजय कानूगा, प्रकाश सोनी, विजय सोनी व अन्य सराफा कारोबारी शामिल थे।

# मुख्यमंत्री साय की विशेष पहल: बस्तर अंचल में आस्था के केन्द्रों पर होगी हरियाली

## 7055 देवगुड़ी-मातागुड़ी और 3455 वन अधिकार मान्यता पत्र स्थलों में होगा वृक्षारोपण

### बस्तर संभाग के 7 जिलों में 5.62 लाख से अधिक पौधरोपण के लिए बनाई गई रणनीति

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर बस्तर अंचल के आस्था के केन्द्रों के आसपास आने वाले दिनों में हरियाली होगी। अंचल के इन आस्था के केन्द्रों में विशेष अभियान चलाकर वृक्षारोपण किया जाएगा। वृक्षारोपण की इस मुहिम में जनजाति समुदायों को भी भागीदार बनाया जाएगा।



गौरतलब है कि जनजाति समुदाय एवं अन्य परम्परागत वन निवासियों का जल, जंगल और जमीन के साथ-साथ सेवी-अर्जी स्थलों पर अटूट आस्था रखते हैं। देव-माता गुड़ी स्थल के आसपास वृक्षों को देवता समतुल्य मान्यता है, गुड़ी स्थल पर स्थित पेड़ पौधों को संरक्षित रखने की परंपरा है।

पौधरोपण के इस अभियान में बस्तर अंचल के 7055 देवगुड़ी-मातागुड़ी के आसपास वृक्षारोपण के अलावा 3455 वन अधिकार मान्यता पत्र स्थलों में वृक्षारोपण किया जाएगा। इन सभी क्षेत्रों का कुल रकबा 2607.200 हेक्टेयर है। देवगुड़ी और मातागुड़ी के अलावा प्राचीन स्मारक आदि स्थलों के आसपास भी वृक्षारोपण किया जाएगा। यहां फलदार, छायादार पौधे यथा नीम, आम, जामून, करजी, अमलताश के पौधों के साथ ही ग्रामवासियों के सुझाव अनुसार अन्य पौधे रोपे जाएंगे।

बस्तर अंचल के 7 जिलों में 5.62 लाख पौधे रोपने के लिए बस्तर कमिश्नर द्वारा रणनीति तैयार की गई है। उन्होंने सातों जिलों में वृक्षारोपण कार्य के लिए जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी का दायित्व दिया है। उन्होंने कहा है कि बस्तर अंचल में वृक्षारोपण के दिन ग्राम प्रमुख, बैगा, सिरहा, पेरमा, मांझी, चालकी, गुनिया, गायता, पुजारी, पटेल, बजनिया, अटपहरिया और जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए। उन्होंने वन विभाग के सहयोग से 15 जुलाई 2024 तक पौधरोपण कार्य को पूर्ण कराने का लक्ष्य रखा है। कलेक्टरों को वृक्षारोपण कार्य की सतत् मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं।

ज्ञात हो कि बस्तर संभाग में स्थापित आस्था एवं जीवित परम्पराओं के केंद्र मातागुड़ी, देवगुड़ी, गोटूल, प्राचीन मृतक स्मारक, सेवा-अर्जी स्थलों को संरक्षण एवं संवर्धन करने के लिए अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 की धारा 3(1) (5) के तहत् देवी-देवताओं के नाम से ग्राम सभा को 3455 सामुदायिक वनाधिकार पत्र प्रदान किये गये हैं तथा 3600 गैर वन क्षेत्र में स्थित देवगुड़ी, मातागुड़ी, प्राचीन मृतक स्मारक एवं गोटूल स्थल को राजस्व अभिलेख में प्रविष्टि की जा चुकी है।

# थैलेसीमिया बीमारी के संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने दी जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** सीएमएचओ डॉ.बी.के. चंद्रवंशी ने थैलेसीमिया बीमारी से बचाव एवं उसके लक्षण के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि थैलेसीमिया से निपटने के लिये समय पर इसका पता लगाना और रोकथाम सबसे प्रभावी रणनीति है। अभी भी बहुत से लोग इस बीमारी और इससे बचाव के तरीको से अनजान है यह जरूरी है कि इस क्षेत्र के सभी निवेशक थैलेसीमिया के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कोल इंडिया लिमिटेड ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में इन रोगो सें प्रभावित बच्चों के उपचार में सहायता की एक अनूठी सीएसआर पहल शुरू की है।




नोडल अधिकारी डॉ. नेहा. गोयल एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा ने बताया कि थैलेसीमिया यह एक वंशानुगत रक्त विकार है जिसके कारण आपके शरीर में सामान्य से कम हिमोग्लोबिन होता है। हिमोग्लोबिन लाल रक्त कोशिकाओं को ऑक्सीजन ले जाने में सक्षम बनाता है जिससे थैलेसीमिया भी एनीमिया का कारण बन सकता है जिससे आपको थकान हो सकती है। इसमें थकान, कमजोरी, पीलापन और धीमी रफ्तार से विकास, पूरे शरीर में कमजोरी, खून की कमी जैसे लक्षण होते है यह एक दुलर्भ और दु:साध्य रोग है जिसमें रोगी का जीवन बचाने के लिये आजीवन बारम्बार रक्त की आवश्यकता पड़ती है और अन्य महंगे चिकित्सीय उपाय करने पड़ते है इसी पर अनुमानित भारत में 10,000 से भी अधिक थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चे जन्म लेते है इसी प्रकार हर वर्ष 9400 लोगो में एप्लास्टिक एनीमिया की पुष्टि होती है ये रोग स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं पर बड़ा बोझ डालने के साथ-साथ प्रभावित परिवारों पर विशेष रूप से ग्रामीण और निर्धन पृष्ठभूमि वाले परिवार पर भावनात्मक मनोवैज्ञानिक और आर्थिक बोझ डालते है। इन रोगों का स्थायी इलाज है हिमेटोपॉइटिक स्टेम सेल ट्रांसप्लांटेशन (एचएससीटी)जिसे बोनमैरो ट्रांसप्लांट बीएमटी)भी कहते है। साथ ही यदि बीएमटी छोटी आयु में किया जाये तो उपचार अधिक सफल होता है। बाल सेवा योजना नामक परियोजना हेतु तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिये थैलेसीमिक्स इंडिया को नामित किया गया है। सी आई एल सार्वजनिक क्षेत्र की पहली कंपनी है जिसने थैलेसीमिया के स्थायी इलाज के लिए 2017 में एक सीएसआर परियोजना शुरू की थी। देश भर में फैले ग्यारह प्रमुख अस्पतालों में बोन मैरो ट्रंसप्लांट के लिए पात्र रोगियो को 10 लाख तक की वित्तीय सहायता दी जाती है वर्ष 2021 से इस योजना को विस्तार देकर एप्लास्टिक एनीमिया को भी इसमें शमिल कर लिया गया है।

## योगाभ्यास में उत्साह से शामिल हुए स्कूल बच्चें एवं ग्रामीणजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा उपखण्ड स्तर पर विभिन्न ग्रामों में योगाभ्यास किया गया। नवचेतन एवं नवोदय जनकल्याण समिति के योग प्रशिक्षकों ने ग्रामीणों एवं बच्चों के साथ सामुदायिक भवन, ग्राम पंचायत भवन एवं प्राथमिक शाला में योगाभ्यास कराया तथा प्रतिदिन योगाभ्यास एवं प्राणायाम के मिलने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभ के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योग के माध्यम से शरीर बेहतर एवं स्वस्थ रखा जा सकता है। जिस प्रकार शुद्ध पेयजल मानव जीवन के लिए अति आवश्यक है। उसी प्रकार सुखी एवं रोग मुक्त जीवन जीने के लिए, व्यक्ति को नियमित योग करना आवश्यक है। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राएं, ग्रामीणों ने योगाभ्यास किया और योग के महत्व को समझा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी को अपने जीवन में योग को अपनाने और दूसरों को भी योग के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही जल का संरक्षण, स्वच्छ पानी का उपयोग सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर जल जीवन मिशन अंतर्गत किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान जल संरक्षण, पौधरोपण, जल से होने वाले जल जनित रोगों, जल गुणवत्ता के संबंध में जानकारी दी गई।

# आंगनबाड़ी केंद्रों के सुविधाओं के विस्तार और बेहतर पोषण के लिए बैठक

### आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए संपूर्ण पोषण का बनाया जाएं आधार: कमिश्नर डॉ. अलंग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** संभागायुक्त डॉ. संजय अलंग और कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने विकसित छत्तीसगढ़ विजन-2047 के परिचर्चा में आंगनबाड़ी में सुविधाओं के विस्तार और बेहतर पोषण पर कार्ययोजना तैयार करने को लेकर विचार-विमर्श की गई। इसके लिए कलेक्ट्रेट स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में बैठक हुई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप, एडीएम श्री कीर्तिमान राठौर उपस्थित थे। इसमें विकसित छत्तीसगढ़ विजन-2047 के लिए कई प्रस्ताव सुझाए गए है। परिचर्चा के दौरान डॉ. अलंग ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ के लिए बेहतर विजन तैयार करने की आवश्यकता है। आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को संपूर्ण पोषण सुनिश्चित करने की जरूरत है। इसके लिए बेहतर तैयारियां की जाएं। डॉ. अलंग ने कहा कि बेहतर पोषण से बच्चे और मां दोनों स्वस्थ रहेंगे। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि महिलाओं व बच्चों का अधिकार दिलाने प्रत्यन किया जाए। इसके लिए कार्ययोजना तैयार की जाए। 1 जुलाई से नई भारतीय न्याय संहिता-23 लागू हो जाएगी। कई विषयों परिवर्तित किए गए होंगे। इसके लिए विशेषज्ञों के साथ मिलकर कार्यशाला आयोजित कर जागरूक किया जाए। परिचर्चा के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों से चर्चा की गई और प्रस्ताव सुझाए गए है। बच्चों के पोषण और आंगनबाड़ी की सुविधाओं के विस्तार के लिए चर्चा की गई। साथ ही गर्भवती महिलाओं के लिए बेहतर पोषण के लिए चर्चा की गई।




# किसानों को खाद, बीज समय पर मिले: मुख्य सचिव जैन

## राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश, नवीन न्याय संहिता की जानकारी देने जिलों में कराएं वर्कशॉप

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर।मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने कहा है कि चालू खरीफ सीजन में किसानों को समय पर खाद, बीज उपलब्ध कराया जाए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के हितग्राही कृषकों को लाभान्वित करने के लिए शिविर लगाकर बैंक खातों में आधार सीडिंग सहित केवायसी यदि पेंडिंग है तो इसे तत्काल पूर्ण किया जाए।




एफआर.ए. के हितग्राहियों के नामांतरण के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। जैन प्रदेश के संभागायुक्तों और कलेक्टरों से वीडियोकॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा कर रहे थे।

मुख्य सचिव ने कहा है कि नवीन न्याय संहिता को 1 जुलाई 2024 से लागू होना है इसके लिए जल्द ही जिलों में वर्कशॉप करने के लिए सभी इंतजाम किए जाए। उन्होंने कहा कि वर्कशॉप में जिले में प्रबुद्ध नागरिकों और कॉलेज के विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि नामातंरण, बटांकन, डायवर्सन सहित अन्य विवादित एवं अविवादित राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष अभियान चलाएं। इसी प्रकार से श्रम पोर्टल में दर्ज श्रमिकों के राशन कार्ड बनाया जाए।

मुख्य सचिव ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के विजन डॉक्यूमेंट बनाने का कार्य राज्य नीति आयोग के द्वारा किया जा रहा है। यह कार्य समय-सीमा में पूर्ण किया जाना है। सभी कलेक्टर इस संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव नीति आयोग को उपलब्ध कराएं। उन्होंने सड़क सुरक्षा समिति की नियमित बैठक कराने और सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रण के लिए आवश्यक उपाय करने और सड़कों पर आवारा पशु नहीं आए इसके लिए सड़कों के चयनित स्टेचर्स पर नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव जैन ने नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान की तैयारी की समीक्षा में कहा कि महिला स्व-सहायता समहों एवं महिलाओं की सहभागिता ली जाए। इसी प्रकार जल जीवन मिशन योजनाओं के अंतर्गत नल से जल के लिए निर्मित टंकियों, पंपो के संधारण संचालन के संबंध में पंचायतों से आवश्यक समन्वय करने के निर्देश दिए। ध्वनि से होने वाले प्रदूषण नियंत्रण पर विशेष ध्यान दें। निर्धारित सीमा से अधिक प्रदूषण करने वाले ध्वनि विस्तारक यंत्रों जब्ती, अभियोजन एवं राजसात की कार्यवाही की जाए। उन्होंने राजस्व नक्शों के जियो-रिफ्रेंसिंग हेतु प्राप्त सेटेलाईट नक्शों के मिलान और सत्यापन कार्यों को तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री के सचिव बसवराजू एस., कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के सचिव अंकित आनंद, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव अविनाश चंपावत सहित गृह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, आवास एवं पर्यावरण, परिवहन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन, नगरीय प्रशासन सहित अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हुए।


Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### रायपुर जिले में शुरू होगा नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान

**रायपुर ( ए. )।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान से लेकर बैठक ली। उन्होने कहा कि यह अभियान जल को संरक्षित करने के लिए शुरू किया जाएगा। इसमें महिला शक्तियों को जोड़ा जाना चाहिए, जो आमजनों को जल संरक्षित करने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि इसमें जल जागरूकता रैली निकाली जाएगी और जितने भी पंचायतों में जल स्त्रोत हैं उनके साफ-सफाई के कार्यक्रम होगें। वर्षा के जल को कैसे संरक्षण किया जाना है उसके लिए लोगों को प्रेरित किया जाना होगा। बैठक में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के सीईओ विश्वदीप उपस्थित थे।

कलेक्टर डॉ. सिंह ने मास्टर ट्रेनर तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा सिंचाई विभाग के सभी उप अभियंता और नरेगा के तकनीकी सहायक है उन सभी को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया जाए। जो वे गांव में जाकर महिला समूहों को प्रशिक्षित कर जल वाहिनी दीदियाँ को तैयार करेंगे। बैठक में बताया गया कि इसके अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूह की सदस्यों को सभी पंचायतों में जल संरक्षण के प्रति जागरूक करेंगे। विशेष रूप से उन पंचायतों में फोकस किया जाएगा, जहां पर हमारा जल स्तर बहुत ही नीचे है। जहां पर ज्यादा वाटर रिचार्ज की आवश्यकता है। इस अभियान में विशेष रूप से जो स्व-सहायता समूह की महिलाएं है गांव की महिलाएं है। उनको हमे प्रेरित करके आगे लाना है। उनके द्वारा ही जल शक्ति जल संरक्षण का कार्य ग्राम पंचायतों में किया जाना है।

अपर मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य केन्द्रों, ड्रग वेयर हाउस एवं ग्रामों का किया आकस्मिक निरीक्षण

# दवाइयों की उपलब्धता बनाए रखें, मरीजों की सहूलियत का रखें ध्यान : मनोज

**रायपुर ( ए. )।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ तथा संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं ऋतुराज रघुवंशी एवं उनके टीम ने शनिवार को महासमुंद जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों, ड्रग वेयर हाउस एवं ग्रामों का आकस्मिक निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए।

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि मरीजों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।दवाइयों की उपलब्धता बनाए रखें, मरीजों की सहूलियत का भी ध्यान रखें। अपर मुख्य सचिव एवं उनके टीम द्वारा सर्वप्रथम सीजीएमएससी ड्रग वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया, जहाँ पर दवाईयों के रखरखाव व उपलब्धता हेतु इंडेट की जानकारी ली गई। ड्रग वेयर हाउस के साईनेज बोर्ड प्रदर्शित करने, रंग रोगन करने एवं विभिन्न दवाईयों व सामग्रियों को व्यवस्थित रखने तथा परिसर की उचित साफ-सफाई रखने तथा दवाईयों के वितरण में नियर एक्यपायरी दवाईयों का पहले वितरित किया जावे तथा वितरण नहीं हो पाने की स्थिति में राज्य कार्यालय को अवगत कराते हेतु निर्देशित किया गया।



### उप स्वास्थ्य केन्द्र टेका का निरीक्षण

इसके उपरांत आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उप स्वास्थ्य केन्द्र) टेका वि.ख. पिथौरा का निरीक्षण किया गया, जहाँ पर ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (महिला) से स्वास्थ्य सुविधाओं व उपलब्ध दवाईयों तथा गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाले सुविधाओं की जानकारी लेते उच्च जोखिम वाली महिलाओं की सूची बोर्ड में प्रदर्शित करते हुए उनका नियमित फॉलोअप करने हेतु निर्देशित किया गया। मरीजों से स्वास्थ्य सुविधा की गुणवत्ता तथा प्रदाय किये जा रहे भोजन के बारे में जानकारी ली गई

अपर मुख्य सचिव ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र झलप एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र टेका को NQAS हेतु तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया है। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बसना का निरीक्षण किया गया, उक्त संस्था के एक्स-रे कक्ष, ओपीडी आईपीडी कक्ष एवं लैब आदि का निरीक्षण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बसना में पोषण पुर्नवास केन्द्र प्रारंभ करने हेतु प्रस्ताव भेजने तथा सिजेरियन प्रसव प्रारंभ करने हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश सीएमएचओ महासमुन्द को दिया गया। आईपीडी के विरूध्द शत् प्रतिशत् आयुष्मान क्लेम करने हेतु निर्देशित किया गया। मरीजों से स्वास्थ्य सुविधा की गुणवत्ता तथा प्रदाय किये जा रहे भोजन के बारे में जानकारी ली गई।

निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सरायपाली का भी निरीक्षण किया गया, जहाँ पर सर्वप्रथम ओपीडी कक्ष में ऑनलाईन पर्ची एवं संबंधित पोर्टल की जानकारी ली गई। उसके उपरांत फार्मेसी कक्ष में दवाई वितरण प्रणाली की जानकारी लेते हुए संस्था में उपलब्ध दवाईयों की जानकारी ली गई। इसी कड़ी में लैब का निरीक्षण किया गया, जहाँ पर लैब रिपोर्ट के ऑनलाईन एंट्री एवं मरीजों को व्हाट्सअप व हार्ड कॉपी में दिये जाने की जानकारी प्रदाय किया। इसके उपरांत एक्स-रे कक्ष, स्टोर रूम का भ्रमण किया गया। पोषण पुर्नवास केन्द्र सरायपाली के निरीक्षण के दौरान भर्ती बच्चे के मॉं से संस्था द्वारा दिये जा रहे भोजन व नास्ता व उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली गई तथा उन्हें डिस्जार्च होने के उपरांत शासन की ओर से मरीजों को दिये जाने वाले राशि की जानकारी दी गई। इसके उपरांत लेबर रूम में भर्ती मरीजों से प्रदाय स्वास्थ्य सुविधा की गुणवत्ता व प्रसव उपरांत कितने दिनों तक भर्ती रखे जाने आदि के संबंध में चिकित्सकों से जानकारी ली गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सरायपाली में सिजेरियन प्रसव प्रारंभ करने हेतु निश्चेतना विशेषज्ञ की पदस्थापना एवं अन्य आवश्यक सुविधा हेतु प्रस्ताव प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान उप संचालक स्वास्थ्य सेवाएं, सीएमएचओ महासमुन्द, डीपीएम महासमुन्द एवं राज्य स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे।

### मितानिन की नेम प्लेट पर मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने के निर्देश

अपर मुख्य सचिव ने उसके उपरांत ग्राम कोहरी का औचक निरीक्षण किया गया, जहाँ पर मितानीन श्रीमती डोमेश्वरी चक्रवती से भेंट किया गया, उनके घर के सामने नेम प्लेट प्रदर्शित पाया गया है, जिसमें मोबाईल नम्बर भी अंकित करने हेतु निर्देशित किया गया। उनकी मितानीन दवाई पेटी का निरीक्षण किया गया तथा तथा मितानीन दीदी से ग्राम की जनसंख्या, समस्त का स्वास्थ्य जाँच, सिकलिन जॉच एवं ग्राम में किसी प्रकार की अन्य स्वास्थ्यगत समस्याओं पर जानकारी ली गई।

### ओपीडी, लाइन टेस्ट, दवाइयों की उपलब्धता की ली जानकारी

तदुपरांत अपर मुख्य सचिव ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र झलप वि.ख. महासमुन्द का निरीक्षण किया गया, जहाँ पर ऑनलाईन ओपीडी पर्ची एवं संबंधित पोर्टल की जानकारी ली गई। लैब टेस्ट, दवाईयों की उपलब्धता, एंटी स्नेक वेनम की उपलब्धता, संस्थागत प्रसव व आईपीडी की जानकारी ली गई। संस्था के नेत्र सहायक अधिकारी से उक्त क्षेत्र में स्कूलों में किये गये नेत्र जाँच तथा नि:शुल्क चश्मा वितरण की जानकारी ली गई। आईपीडी के विरूध्द शत् प्रतिशत् आयुष्मान क्लेम करने तथा विगत वर्ष आयुष्मान क्लेम से प्राप्त राशि एवं इस वर्ष उक्त राशि में वृध्दि आदि की जानकारी लेते हुए मरीजों को उचित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु हेतु निर्देशित किया गया।

# कोषालयीन महासंघ के प्रांताध्यक्ष बने अपर संचालक मरावी

**रायपुर ( ए. )।** छत्तीसगढ़ कोषालयीन कर्मचारी अधिकारी महांसघ की आमसभा 21 जून को विभागाध्यक्ष शासकीय कर्मचारी संघ कार्यालय नवा रायपुर में रखा गया था। निवृत्तमान प्रांताध्यक्ष गांधी लाल भारद्वाज, संयुक्त संचालक ने अपने तीन साल के कार्यकाल में कर्मचारी हित में किए गए कार्यों एवं उपलब्धियों से अवगत कराया।

इस अवसर पर महासचिव अनिल मालेकर ने महासंघ के आय व्यय प्रस्तुत किया। महासंघ के बायलाज अनुसार आज अध्यक्ष पद के निर्वाचन हेतु संगठन द्वारा आमसभा का आयोजन किया गया था। निर्वाचन अधिकारी कमल वर्मा प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी द्वारा विधिवत चुनाव संपन्न कराते हुए केएस मरावी को सर्वसम्मति से निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया।




केएस मरावी वर्तमान में संचालनालय कोष एवं लेखा में अपर संचालक के पद पर कार्यरत है। मरावी ने महासंघ के आगामी कार्ययोजना पर प्रकाश डालते हुए हर वर्ग के शासकीय सेवकों को न्याय दिलाने संकल्प लिया। आमसभा में आज के पूरे प्रदेश से कोषालय सेवा के समस्त अधिकारी कर्मचारी शामिल थे। बैठक में कई महत्वपूर्ण एजेण्डा पर भी चर्चा की गयी। आमसभा संघ के संरक्षक तिलक शोरी, वित्त नियंत्रक, की उपस्थिति में सपन्न हुई।

शोरी ने मरावी के प्रांताध्यक्ष नियुक्त होने पर बधाई भी दी। बैठक में प्रमुख रूप से निर्वतमान प्रांताध्यक्ष गांधीलाल भारद्वाज, प्रेमलाल साहरा, कार्यकारी प्रातांध्यक्ष, पूषण साहू, सचिन शर्मा, अनिल मालेकर, आंनद सिह, नेतराम निषाद, लेखराम साहू, अनिल पाठक, विरेन्द्र राठौर, अवनीश घरडें, मारूति भंडारी अजीत भारती, हिरेन्द्र जोशी, सियाशरण कश्यप, विजय हलवाई, संदीप वर्मा, जयंत देवांगन, नित्यानंद सिन्हा, गोपाल साहू, जोगेन्द्र गेदलें, लक्ष्मीनारायण कुर्रे, तोरण ठाकुर, विनोद देवागंन, तुलसी चेलक, अशोक चंद्रा, सोमनाथ साहू, सहित सैंकड़ों कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

# निगम आयुक्त मिश्रा ने की विकास कार्यो की समीक्षा

**रायपुर ( ए. )।** नगर पालिक निगम के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा सहित कार्यपालन अभियंताओं, सहायक अभियंताओं की बैठक लेकर विकास कार्यो की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये।




आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय पशासन एवं विकास संचालनालय के माध्यम से स्वीकृति अनुसार रायपुर नगर निगम क्षेत्र में करवाये जा रहे 30 लाख से अधिक की लागत के विकास कार्यो को सतत मॉनिटरिंग कर तेजी के साथ पूर्ण करवाने के निर्देश दिये। आयुक्त ने अपर आयुक्त एवं अधीक्षण अभियंता को रायपुर नगर निगम मे जारी 30 लाख से अधिक की लागत वाले विकास कार्यो में सभी विकास कार्यो की तत्काल समय सीमा तय करके मॉनिटरिंग करके जनहित में जनसुविधा विस्तार हेतु गुणवत्ता युक्त विकास कार्य तेजी से करवाने के निर्देश दिये। आयुक्त ने 30 लाख से अधिक की लागत वाले सभी विकास कार्यो को अधिकतम सितम्बर 2024 तक प्राथमिकता के साथ जनहित में पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने निर्देशित किया है। आयुक्त के आदेशानुसार अधीक्षण अभियंता ने 30 लाख से अधिक के सभी जारी विकास कार्यो की समीक्षा कर सभी विकास कार्यो को पूर्ण करने निर्देशानुसार समय सीमा निर्धारित कर दी है एवं गुणवत्ता युक्त तरीके से मॉनिटरिंग करके कार्य तय समय सीमा में पूर्ण करवाने के निर्देश सभी कार्यपालन अभियंताओं, सहायक अभियंताओं, उपअभियंताओं को दिये है।

# 70 लाख राशन कार्डधारियों ने किया नवीनीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन, 30 जून तक किए जाएंगे

**रायपुर ( ए. )।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार प्रदेश प्रचलित राशनकार्ड के नवीनीकरण एवं राशनकार्डधारियों का ई-केवायसी किया जा रहा है। प्रदेश के समस्त श्रेणी के राशनकार्ड अन्त्योदय, प्राथमिकता, एकल निराश्रित, निशक्तजन और एपीएल योजना के राशनकार्डधारियों का ई-केवायसी एवं राशनकार्डों के नवीनीकरण 30 जून 2024 तक अनिवार्य रूप से कराने के लिए कहा गया है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राशनकार्ड नवीनीकरण करने के लिये ई-केवायसी कराना अनिवार्य है। वर्तमान में प्रदेश में लगभग 77 लाख राशनकार्ड हितग्राही है। अब तक कुल 70 लाख राशन कार्डधारकों का नवीनीकरण किया जा चुका है।






नवीनीकरण के कार्य में पहले पायदान पर बीजापुर जिला है। कुल हितग्राही 71,368 हितग्राहियों में से 71,145 हितग्राहियों ने, द्वितीय स्थान पर नारायणपुर जिला 36,167 हितग्राहियों में से 35,831 हितग्राहियों ने, इसी प्रकार तृतीय स्थान पर सुकमा जिला 78752 हितग्राहियों में से लगभग 78 हजार हितग्राहियों ने अपना राशन कार्ड नवीनीकरण का कार्य करवा लिया है।

विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग के द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाईल एप्प तैयार किया गया है, इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। हितग्राही द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाइट http://khadya.cg.nic.in से डाउनलोड करके नवीनीकरण का कार्य किया जा सकता है। हितग्राही उचित मूल्य दुकान में भी जाकर ऑनलाईन के माध्यम से अपना नवीनीकरण और ई-केवायसी का कार्य करवा सकतें है। ई-केवायसी के लिए प्रत्येक हितग्राही का बायोमेट्रिक अद्यतन होना चाहिए जिन सदस्यों का बाल आधार बना है उन्हें पहले आधार सेवा केंद्र से अपना बायोमेट्रिक अपडेट कराना होगा इसके पश्चात् उचित मूल्य दुकान के ई-पॉस मशीन से ई-केवायसी करा सकते है। राशनकार्ड में ई-केवायसी और नवीनीकरण की सुविधा नि:शुल्क है।

भारतीय न्याय संहिता-23 पर रायपुर जिला प्रशासन ने आयोजित की कार्यशाला

# आईपीसी में कई बदलाव, एक जुलाई से लागू होगी नई संहिता

**रायपुर ( ए. )।** देश में 1 जुलाई से लागू हो रहे नए आपराधिक कानून के संबंध में पुलिस व कानून प्रवर्तन अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने रायपुर जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वक्ता के तौर पर शामिल हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, रायपुर के प्रो. अभिनव के. शुक्ला और प्रो. हिना इलियास ने नए कानून के तहत सजा प्रावधानों व डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की मान्यता व साक्ष्य संबंधी प्रस्तुतिकरण की प्रक्रिया के सरलीकरण के दिशा में किए गए प्रबंधों की विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह, नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत विश्वदीप, प्रशिक्षु आईएएस सुश्री अनुपमा आनंद सहित कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, राजस्व अधिकारी व पुलिस के विवेचनाधिकारी भी इस कार्यशाला में शामिल हुए।

नए आपराधिक कानून सुधार पर कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के को-ऑर्डिनेटर प्रो. अभिनव शुक्ला ने बताया कि नई भारतीय न्याय संहिता-23 में पूर्व प्रचलित धाराओं व सजा प्रावधानों में कई बदलाव हुए हैं। उन्होंने उदाहरण से स्पष्ट किया कि हत्या के अपराध पर दर्ज होने वाली धारा-302 अब नए कानून के अनुसार धारा-103 के रूप में दर्ज होंगे। गैंगरेप पर धारा-376(डी) की जगह अब नई संहिता के तहत धारा-70(1) के तहत अपराध दर्ज होगा। इसी तरह बलात्कार, जो कि भादवि के तहत धारा-376(3) के तहत दर्ज होता था, वह अब भारतीय न्याय संहिता में धारा-65(1) के तहत अपराध माना जाएगा। चोरी धारा-378 की जगह अब धारा-303(1) के अंतर्गत अपराध माना जाएगा। डकैती पर अब धारा-310(1), लूट पर अब धारा-309 के तहत अपराध दर्ज होगा। धोखाधड़ी पर धारा-420 की जगह अब धारा-318 के तहत जुर्म दर्ज होगा। उन्होंने बताया कि ऐसे कई धाराओं में परिवर्तन कर न्याय प्रणाली में व्यापक सुधार कर अपराधों पर सख्त सजा का प्रावधान जमानत प्रक्रियाओं में सुधार, जांच व न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता लाई गई है। कार्यशाला में रायपुर जिले के अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी, अनुविभागीय दंडाधिकारी, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी, नगर निरीक्षक व विभिन्न थानों के विवेचनाधिकारी शामिल रहें।







प्रो. हिना इलियास ने वर्कशॉप में बताया कि गंभीर प्रकरणों में डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को नए कानून में मान्यता मिली है। भगोड़े अपराधियों पर कानून और भी सख्त बनाया गया है। इन न्यायसंगत सुधारों से जहां छोटे अपराधों में लिप्त आरोपियों को सुधरने का अवसर दिया गया है, वहीं जघन्य अपराधों पर कड़ी सजा होगी। भारतीय न्याय संहिता में पहली बार कम्युनिटी सर्विस जैसी सजा का प्रावधान कर अपराधियों को सुधरने का अवसर भी दिए जाने का प्रावधान है। न्याय संहिता में ई-एफआई.आर. का प्रावधान है, जिसमें तीन दिवस की निर्धारित अवधि के भीतर प्रार्थी को संबंधित थाने पर पहुंचकर अपनी पहचान, हस्ताक्षर सत्यापित कराना होगा।

कलेक्टर डॉ. सिंह ने इस भारतीय न्याय संहिता को उपयोगी बताया है एवं अधिकारियों से कहा है कि संशोधित नियमों व संहिता का गहन अध्ययन कर न्याय स्थापित करने व अपराधों की रोकथाम व पीड़ितों की मदद के लिए कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि न्याय संहिता की जानकारी देने नियमित कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने कहा कि थानों में संहिता संबंधी पूरी जानकारी रखें एवं अपने मातहतों को नए कानून के संबंध में नियमित प्रशिक्षण दें। कार्यशाला के अंत में आभार प्रदर्शन डीएसपी नीलेश द्विवेदी ने किया।

# श्रम मंत्री के निर्देश पर आवास निर्माण के लिए सहायता राशि स्वीकृत

**रायपुर ( ए. )।** श्रमिक हितैषी प्रदेश की विष्णुदेव सरकार में मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के तहत श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन के निर्देश पर प्रदेश के कुल 352 श्रमिकों को एक-एक लाख रुपए सहायता राशि की स्वीकृति दी गई है। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को स्वयं के भूखंड पर आवास अथवा नवीन आवास क्रय के लिए पात्र हितग्राहियों को मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के तहत राशि दी जाती है।



आचार संहिता के हटने के उपरांत श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने हाल ही में श्रम विभाग की मैराथन बैठक लेकर सभी योजनाओं की समीक्षा की थी। समीक्षा बैठक में श्रम मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया था की मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के पात्र हितग्राहियों को तत्काल राशि जारी करें। मंत्री श्री देवांगन के निर्देश पर प्रदेश भर के 352 हितग्राहियों को राशि स्वीकृत की गई। हितग्राहियों को डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में एक-एक लाख रुपए की राशि दी जाती है।

मंत्री लखन लाल देवांगन ने सभी जिलों के श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है की इस योजना के तहत अधिक से अधिक पात्र श्रमिक हितग्राहियों को लाभ दिलवाएं। श्रमिकों को फॉर्म भरने और जमा करने में उनकी मदद करें ।






















मदमस्त अदाओं पर मर मिटे फैंस

# पिंक लहंगे में बला की खूबसूरत लगीं अवनीत कौर



**बी-टाउन की टॉप चाइल्ड एक्ट्रेस अवनीत कौर की सोशल मीडिया पर फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो अक्सर सोशल मीडिया का पारा गर्म कर देती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने लेटेस्ट पिंक कलर के आउटफिट में फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वो बला की खूबसूरत नजर आ रही हैं।**

हाल ही में एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने लेटेस्ट फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। अवनीत कौर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान पिंक कलर का सिंपल सा लहंगा पहना हुआ है और साथ ही हॉल्टर नेक डिजाइन वाले ब्लाउज से पूरे लुक को टिमअप किया है।

कानों में इयररिंग्स, बालों का बन बनाकर और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अवनीत कौर कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देते हुए इंटरनेट का पारा बढ़ा रही हैं। बता दें चाहे इंडियन हो या फिर वेस्टर्न लुक एक्ट्रेस अवनीत कौर अपने हर लुक में कहर ढाती हैं। उनका स्टनिंग लुक फैंस के बीच आते ही ट्रेंड करने लगता है। अवनीत कौर का ये ग्लैमरस लुक और आउटफिट कोई भी फंक्शन के लिए एकदम परफेक्ट है।

एक्ट्रेस अवनीत कौर आए दिन अपनी फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है।

# फैशन ट्रेंड का अनुसरण करने वाले लोग वे होते हैं जिनका अपना कोई स्टाइल नहीं होताः अनुष्का चौहान

**अभिनेत्री अनुष्का चौहान ने साझा किया कि आपके फैशन से यह पता चलना चाहिए कि आप कौन हैं, और कहा कि इसे मौलिक बनाए रखना कितना महत्वपूर्ण है, उन्होंने कहा कि जो लोग फैशन के रुझानों का अनुसरण करते हैं, वे वे लोग होते हैं, जिनका अपना कोई फैशन स्टाइल नहीं होता।**

अपने फैशन स्टेटमेंट के बारे में बात करते हुए, अनुष्का, जो वर्तमान में शो कृष्णा मोहिनी में दिखाई दे रही हैं, ने कहा फ़ैशन एक त्वरित भाषा है। जब मानव संपर्क इतना त्वरित होता है, तो यह ज़ोर से कहना महत्वपूर्ण होता है कि आप क्या दर्शाते हैं और आप कैसे दिखना चाहते हैं। यह सिर्फ इतना ही नहीं है कि आप क्या पहनते हैं या क्या एक्सेसरीज़ पहनते हैं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप कहाँ से आते हैं, आप किस पर विश्वास करते हैं और आप कहाँ जा रहे हैं।

रोमांटिक वेब सीरीज कैंपस बीट में माया के रूप में नजर आने वाली दिवा ने आगे बताया जो लोग फैशन के रुझानों का अनुसरण करते हैं, वे ऐसे लोग होते हैं, जिनका अपना कोई फैशन स्टाइल नहीं होता। आप अपनी पहचान खो देते हैं। फैशन के रुझान हमेशा पर्यावरण के अनुकूल नहीं होते।

अगर ट्रेंड के बारे में अपडेट रहना अच्छा है, तो अनुष्का ने कहा- हां, लेकिन आप जो पहनते हैं, वह आपके फैशन स्टाइल और ट्रेंडिंग का मिश्रण होना चाहिए। मुझे नहीं लगता कि एक कलाकार के तौर पर मुझे कभी भी ट्रेंड का अनुसरण करने की ज़रूरत महसूस हुई, लेकिन मैं निश्चित रूप से ट्रेंडसेटर बनना चाहती हूं।

जब उनसे पूछा गया कि क्या वह ऐसे किरदार को निभाने में सहज हैं, जिसका फैशन सेंस उनके लुक के विपरीत हो, तो अनुष्का ने कहा- मैं जीवन और जीवनशैली के किसी भी सेगमेंट या स्थिति से आने वाले किसी भी तरह के किरदार को निभाने के लिए तैयार हूं। चाहे वह साउथ बॉम्बे की लड़की हो या धारावी की लड़की, यह ऐसा विषय भी नहीं है जो किसी भूमिका का चयन करते समय मेरे दिमाग में आता है। अनुष्का ने कहा, हम स्क्रीन पर जो भी निभाते हैं, वह हमारे किरदार का सच्चा चित्रण होता है। लेकिन हमें इससे बाहर निकलकर अपनी ज़िंदगी को वैसे ही जीना चाहिए जैसा हम जीना चाहते हैं, क्योंकि अन्यथा यह प्रदर्शन कला और सिनेमा की खूबसूरती को खत्म कर देगा। अगर उन्हें लगता है कि फैशन में कोई हद से ज़्यादा जा सकता है, तो अनुष्का ने कहा- मैं इसे क्लासी और सिंपल रखना पसंद करती हूँ, कुछ ऐसा जो यह दर्शाता हो कि मैं क्या हूँ। यह एक स्टेटमेंट होना चाहिए। लेकिन एक चीज़ जो मैं बिल्कुल नहीं पहनूँगी, वह है ब्लैक ड्रेस। अगर आप खुद हैं, तो हद से ज़्यादा कुछ नहीं कहा जा सकता। लेकिन, यह समझदारी से कहा गया है कि जब रोम में हों, तो रोमनों की तरह बनें। मैं अपने स्टाइल के साथ अवसर और जगह के हिसाब से कुछ पहनने की कोशिश करती हूँ।



# गुरमीत चौधरी ने किया अपनी पहली वेब सीरीज कमांडर करण सक्सेना का ऐलान



**टीवी की दुनिया में भगवान राम का किरदार निभाकर मशहूर हुए अभिनेता गुरमीत चौधरी अब एक्शन अवतार में नजर आने वाले हैं। उन्होंने अपने करियर की पहली वेब सीरीज का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम कमांडर करण सक्सेना है। इस सीरीज में गुरमीत के साथ इकबाल खान और ऋता दुर्गुले भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। निर्माताओं ने कमांडर करण सक्सेना का टीजर जारी कर दिया है, जिसमें गुरमीत जबरदस्त एक्शन करते हुए नजर आ रहे हैं।**

कमांडर करण सक्सेना का पहला पोस्टर भी सामने आ गया है, जिसमें गुरमीत हाथों में बंदूक थामे नजर आ रहे हैं।यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी। इसकी रिलीज तारीख से भी पर्दा उठ गया है। कमांडर करण सक्सेना का प्रीमियर 8 जुलाई, 2024 से डिज्नी+ हॉटस्टार पर होगा। 'कमांडर करण सक्सेना' के टीज़र से प्रेरित होना स्वाभाविक है, जिसमें गुरमीत चौधरी के वजूद को देश की रक्षा करते हुए देखने का वादा किया गया है। उनके अभिनय से इस शो को एक नया दिमेंशन मिलेगा, और उनका अभिनय इस ड्रामा को उत्साहित करेगा।

यह संदेश देखकर स्पष्ट है कि गुरमीत चौधरी के फैंस उनके इस नए और उत्साहजनक किरदार के लिए बेताब हैं। उन्हें इस सीरीज में उनके पसंदीदा कलाकार के रूप में देखने का इंतजार है। इस सीरीज का निर्देशन जतिन वागले ने किया है, जबकि इसका निर्माण कीलाइट प्रोडक्शंस ने किया है।सीरीज की कहानी अमित खान ने लिखी है।

# सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म ककुड़ा ओटीटी प्लेटफॉर्म जी-5 पर होगी रिलीज, पहला वीडियो आया सामने



अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा पिछली बार निर्देशक संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी में दिखी थीं और इसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई। अब दर्शक सोनाक्षी की आगामी फिल्म ककुड़ा का इंतजार कर रहे हैं, जिसके निर्देशन की कमान आदित्य सरपोतदर ने संभाली है।ताजा खबर यह है कि ककुड़ा सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर दस्तक देने वाली है। अभी तक इस फिल्म की रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।

ककुड़ा का पहला वीडियो सामने आ गया है, जो हॉरर और सस्पेंस से भरपूर है। निर्माताओं ने लिखा, ककुड़ा के आने का वक्त हो गया है। दरवाजा खोलना मत भूलना क्योंकि अब हर मर्द खतरे में है। सोनाक्षी के अलावा रितेश देशमुख और साकिब सलीम भी इस फिल्म में नजर आएंगे।ककुड़ा की कहानी गांव में एक अजीब अभिशाप के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें सोनाक्षी, रितेश और साकिब की तिकड़ी का सामना एक चुनौतीपूर्ण भूत से होता है।

*ककुड़ा के निर्देशक आदित्य सरपोतदार ने कहा, एक फिल्म निर्माता और हॉरर-कॉमेडी शैली के प्रशंसक के रूप में, मुझे डर और हंसी के बीच संतुलन साधना अच्छा लगता है। दर्शकों को डराना और खुश करना एक चुनौतीपूर्ण काम है, लेकिन ककुड़ा के साथ, मैं आश्वस्त हूं। हमने एक बार फिर सही तालमेल बिठाया है। मैं प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ काम करने को लेकर रोमांचित हूं, जिनमें रितेश देशमुख, सोनाक्षी सिन्हा, साकिब सलीम और आसिफ खान शामिल हैं, जिन्होंने कहानी में हास्य और भावनाओं को शानदार तरीके से जोड़ा है। उनकी कॉमिक टाइमिंग और तरीका उन्होंने वास्तविक भावनाओं को चित्रित किया है, जिससे एक निर्देशक के रूप में मेरा काम बहुत आसान हो गया है। साथ में, हमने एक अनूठी और आकर्षक कहानी तैयार की है, जो दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखेगी और ककुड़ा के हर मोड़ का बेसब्री से इंतजार करेगी।*

# अवसाद मिटाने से लेकर मूड बेहतर करने तक, संगीत सुनने से मिलते हैं ये 5 फायदे

**संगीत एक तरह की कला है, जिसे कई लोग वैश्विक भाषा भी कहते हैं। यह कई तरह के सुरों और ध्वनियों का माधुर संयोजन होता है, जो मन को सुकून पहुंचाता है। ज्यादातर लोग काम करते वक्त मन बहलाने के लिए संगीत का सहारा लेते हैं। संगीत सुनने से लोगों को तनाव से छुटकारा मिल सकता है और उनका मानसिक स्वास्थ्य भी सुधर सकता है।आपको इस गतिविधि के जरिए ये 5 लाभ मिल सकते हैं।**

## अवसाद के इलाज में सहायक

इन दिनों वयस्कों के साथ-साथ जवान लोग भी अवसाद और चिंता के शिकार बनते जा रहे हैं।इस समस्या से निपटने के लिए लोग मनोविज्ञानियों के पास जाते हैं और थेरेपी व कई तरह के ट्रीटमेंट लेते हैं।हालांकि, संगीत सुनकर भी इस परेशानी से कुछ हद तक निजात पाया जा सकता है। जब हम निराश या उदास महसूस करते हैं, तब संगीत हमें बेहतर महसूस करवा सकता है।इससे मन के नकारात्मक ख्याल भी दूर हो जाते हैं।



## बहतर होता है मूड

संगीत के जरिए किसी भी खराब दिन को अच्छा बनाया जा सकता है। संगीत में वह सकारात्मक प्रभाव होता है, जो आपके मूड को तुरंत बेहतर बना सकता है।यह हमें नया दृष्टिकोण रखने और दुनिया को खुशहाल नजरिए से देखने में मदद करता है। गुस्सा आने पर अपने पसंदीदा गानों की प्लेलिस्ट सुनें।आप अपने मूड को सुधारने के लिए खुशहाल और तेज संगीत सुन सकते हैं। सूफी या धार्मिक गीतों से भी मूड अच्छा हो जाता है।

## दिल के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद

संगीत सुनना हमारे दिल के स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद साबित हो सकता है।संगीत सुनने से रक्तचाप को घटाने, कोर्टिसोल के स्तर को कम करने और हृदय गति को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है।यह हृदय रोगों के इलाज में भी कुछ हद तक सहायता कर सकता है। कई लोगों को दिल से जुड़ी बीमारियों के इलाज के लिए म्यूजिक यानि संगीत थेरेपी भी दी जाती है।

## दर्द प्रबंधन में मददगार

संगीत शरीर में कोर्टिसोल के स्तर को नियंत्रित करके तनाव के स्तर को कम करने में मदद करता है।यह मस्तिष्क को दर्द के खिलाफ एक मजबूत प्रतिस्पर्धी संकेत भी प्रदान करता है, जिससे दर्द प्रबंधन में मदद मिलती है।

रिपोर्ट के अनुसार, अध्ययनों से पता चलता है कि संगीत एंडोर्फिन जारी करके, कैटेकोलामाइन के स्तर को बदलकर या मरीजों का ध्यान भटका कर दर्द के स्तर को कम कर सकता है।

## बढ़ती है तृप्ति की भावना

अक्सर लोग खाना खाते वक्त धीमी आवाज में हल्का और मनमोहक संगीत सुनना पसंद करते हैं। इससे लोग आराम से और धीमी गति से भोजन करते हैं।संगीत सुनते हुए खान-पान करने से लोगों का पेट कम खाने से भी भर जाता है। इससे तृप्ति की भावना को बढ़ाने में मदद मिलती है, जिसके लोग भूख से अधिक खाने से बच सकते हैं।मेडिटेशन करते समय संगीत सुनने से आपको ये 5 फायदे मिल सकते हैं।

# इमरान हाशमी और मौनी रॉय स्टारर शो टाइम का टीजर जारी, 12 जुलाई को डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होंगे बाकी एपिसोड

**इमरान हाशमी, नसीरुद्दीन शाह, मौनी रॉय और राजीव खंडेलवाल स्टारर वेब सीरीज शोटाइम 8 मई 2024 को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज की गई थी। शोटाइम के सिर्फ 4 एपिसोड्स ही उस समय रिलीज हुए थे लेकिन बाकी बचे हुए एपिसोड्स को लेकर बड़ी अपडेट आई है। एक टीजर रिलीज करते हुए बताया गया है कि शोटाइम के बचे एपिसोड्स आप कब देख सकेंगे।**



शोटाइम को उस समय दर्शकों का काफी प्यार मिला था और अब एक बार फिर आपके सपोर्ट की इस वेब सीरीज को जरूरत है। शोटाइम के सभी एपिसोड्स आप किस तारीख से देख सकेंगे इसकी डेट सामने आ गई है। डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर शोटाइम का एक प्रोमो शेयर किया गया है। वीडियो के कैप्शन में लिखा है, असली मजा तो अब आएगा।।।हॉटस्टार स्पेशल शोटाइम के सभी एपिसोड्स 12 जुलाई से स्ट्रीम कर रहे हैं। शोटाइम हॉटस्टार पर।

वीडियो में आप देख सकते हैं कि शोबिज में जितना ग्लैमर देखने को मिलता है अंदर से इसमें काफी ईर्ष्या भी है। पेज 3 हो यो शोबिज हर तरफ एक ही बात है कि ऊंचाई पर कोई एक रहेगा और इसी की हर किसी में लड़ाई है। मेकर्स ने टीजर शेयर करते हुए लोगों की उत्सुकता और बढ़ा दी है। इस सीरीजी में कई ऐसे सितारे नजर आएंगे जिनका अलग ही रूप आपको देखने को मिलेगा। बता दें, शोटाइम का डायरेक्शन मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने किया है। वहीं इस सीरीज को धर्माटिक एंटरटेनमेंट बैनर तले बनाया गया है। सीरीज में इमरान हाशमी और मौनी रॉय के अलावा नसीरुद्दीन शाह, महिमा मकवाना, राजीव खंडेलवाल, विजय राज, श्रिया सरन, विशाल वशिष्ठ जैसे कलाकार नजर आएंगे।

## खास खबर

### ग्रामीण घर का कचरा स्वच्छता दीदीयों को दें - कलेक्टर

**राजनांदगांव ।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने ग्राम अर्जुनी में हैण्डपंप के पास कचरा देखने पर नाराजगी जाहिर की। कलेक्टर अग्रवाल ने कचरा को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि घर का कचरा संग्रहण करने वाली स्वच्छता दीदीयों को ही कचरा दें। इसे उचित स्थान पर कम्पोस्ट किया जा सके। इससे मोहल्ला, गांव साफ सुथरा रहेगा, गंदगी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मोहल्ले एवं गांव में गंदगी होने से कई प्रकार की बीमारियां उत्पन्न होती है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि खाली स्थानों में पौधे लगाएं जिससे वातावरण अच्छा रहेगा। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुरूचि सिंह, एसडीएम मनोज मरकाम, जिला कार्यक्रम अधिकारी गुरूप्रीत कौर सहित ग्रामीणजन एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**गरियाबंद।** कृषि विभाग द्वारा सॉइल हेल्थ कार्ड योजना के अंतर्गत ग्राम कदलीमुडा में मृदा परीक्षण के माध्यम से उर्वरको का संतुलित उपयोग विषय पर 21 और 22 जून को दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि अधिकारियों द्वारा मृदा नमूना लेने की विधि एवं मृदा परीक्षण से खाद एवं उर्वरक का संतुलित उपयोग कर जमीन की उर्वरता को बनाए रखने के बारे में किसानों को बताया गया। साथ ही कैसे अधिक उत्पादन लिया जा सकता है, इसके बारे में भी कृषकों को विस्तृत रूप से बताया गया। इसके अलावा असंतुलित उर्वरक के उपयोग से खेत को होने वाले दुष्प्रभाव से भी कृषकों को अवगत कराया गया। ट्रेनिंग में जल शक्ति अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहें गतिविधियों के बारे विस्तृत जानकारी देकर वर्षा जल को कैसे संचय किया जावे एवं ग्रामीण इसमें कैसे अपना सहभागिता निभा सकते है इस विषय पर किसानों को जागरूक किया गया। किसानों को खेत का पानी खेत में एवं गांव का पानी गांव में अवधारणा को अपनाने के लिये भी जागरूक किया गया।

### विचारों में आएगी पवित्रता नियमित करें योग - योगविद धनंजय

**गरियाबंद।** जेल महानिदेशक जेल मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार जिला जेल परिसर गरियाबंद में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रोटोकॉल अनुसार योगाभ्यास कराया गया।पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी अर्जुन धनंजय सिन्हा,जिला योग प्रचारक गणेश आजाद,योगाचार्य भागवत साहू द्वारा प्रोटोकॉल अनुसार मंत्र उच्चारण के साथ शिथिलीकरण अंतर्गत ग्रीवा चालन,स्कंध खिंचाव, स्कंध चालन,कटिशक्ति विकासक,घुटना संचालन,खड़े होकर किए जाने वाले ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन,त्रिकोणासन,बैठकर किए जाने वाले दंडासन,वक्रासन,भद्रासन,अर्द्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शसकासन,उत्तान मंडूकासन, वज्रासन, मरीच्यासन,पेट के बल लेटकर किए जाने वाले मकरासन,भुजंगासन, शलभासन,पीठ के बल किए जाने वाले सेतुबंध आसन, उत्तानपादासन,अर्ध हलासन, पवनमुक्तासन, योग निद्रा का अभ्यास कराया गया। कपालभाति,अनुलोम विलोम, शीतली प्राणायाम,भ्रामरी प्राणायाम और ध्यान का सूक्ष्मता के साथ अभ्यास कराया गया।पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी योगविद अर्जुन धनंजय सिन्हा ने कहा कि आत्म नियंत्रण का श्रेष्ठ और सशक्त माध्यम योग है।

### धूमधाम से मनाए कबीर साहेब की जयंती

**गरियाबंद।** नगर के ग्राम मजरकट्टा में हिन्दू पिंजारा समाज द्वारा कबीर जयंती का कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाए गया।जिसमे समाज के लोगो के द्वारा बीएसएनएल कार्यालय के समीप पंडाल लगाकर कबीर साहेब के छाया चित्र की पूजा अर्चना कर प्रसाद के रुप में विशाल पूरी चने के सब्जी और प्रसाद वितरण किया गया जिसे राहगीरों के द्वारा भी रुककर ग्रहण किये। ज्ञात हो कि कबीर प्रकट उत्सव या कबीर जयंती,कवि और रहस्यवादी संत कबीर साहेब के प्राकट्य के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।हालांकि कबीर जयंती के नाम से ही यह उत्सव मनाया जाता रहा है लेकिन संत रामपाल के अनुयाइयों ने इसे प्रकट उत्सव के रूप मे मनाना आरंभ किया। यह साल में एक बार हिंदी पंचाग के ज्येष्ठ महीने में पूर्णिमा के दिन मनाया गया है,जो ग्रेगोरियन कैलेंडर के अनुसार मई या जून का महीना होता है।

# हमारी सरकार जनता के समस्याओं के निराकरण के लिए तत्पर: केदार कश्यप

श्रीकंचनपथ न्यूज

## वनमंत्री ने अतिसंवेदनशील ग्राम मर्दापाल में 8.52 करोड़ रुपए के लागत की 54 विकास कार्यों किया लोकार्पण-भूमिपूजन



रायपुर। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि हमारी सरकार आम जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए सदैव तत्पर है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में गरीब किसान सहित सभी वर्गो के विकास के लिए संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। मंत्री केदार कश्यप कोण्डागांव जिले के अतिसंवेदनशील मर्दापाल में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर को संबोधित कर रहे थे।

मंत्री श्री कश्यप ने इस मौके पर 8.52 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले 54 विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। इनमें 39 विकास कार्यों का भूमिपूजन और 15 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

श्री कश्यप ने शिविर में शासन के योजनाओं के तहत हितग्राहीमूलक सामग्री का वितरण किया। जनसमस्या निवारण शिविर में 354 आवेदन प्राप्त हुए, जिसका त्वरित निराकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के कारण प्रदेश की महिलाएं लगातार हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। साथ ही धान के मूल्य में वृद्धि से किसान और तेंदूपत्ता के मूल्य में वृद्धि से वनोपज संग्राहक खुशहाल जीवन की ओर आगे बढ़ रहे हैं। शासन हर गरीब परिवार को पक्के छत उपलब्ध करा रही है।

उन्होंने कहा कि पूर्व में की गई घोषणाओं पर क्रियान्वयन करते हुए आज यहां 8 करोड़ 52 लाख रुपए से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया गया है। जनाकांक्षाओं को पूरा करने वाले ये विकास कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने जनसमस्याओं के समाधानकारक निदान पर जोर दिया और कहा कि क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सुविधा, खाद-बीज वितरण सहित विभिन्न सेवाओं को बेहतर ढंग से पहुंचाया जाएगा। जनसमस्या निवारण शिविर में स्वास्थ्य जांच भी की गई। यहां 106 मरीजों का उपचार एलोपेथिक पद्धति से और 36 मरीजों का उपचार आयुष पद्धति से की गई। यहां पशुधन विकास विभाग द्वारा भी 11 हितग्राहियों को पशु और कुक्कुटों के लिए औषधियां प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत बस्तर की अध्यक्ष वेदवती कश्यप, कोंडागांव जिला पंचायत के सदस्य बालसिंह भारती, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अनुविभागीय अधिकारी निकिता मरकाम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# देश के विकास के लिए निरंतर काम कर रहे हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी : तोखन साहू



श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के बिल्हा नगर पंचायत में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक के नेतृत्व में बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के बिल्हा नगर पंचायत में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री साहू ने कहा कि मेरे गांव के लोगों ने पंच बनाया फिर सरपंच जनपद सदस्य और फिर मुझे लोरमी विधानसभा क्षेत्र से टिकट दिया गया और जीत कर पहली बार विधायक बना उस समय तत्कालीन डॉ. रमन सिंह सरकार ने मुझे पहली बार संसदीय सचिव बनाया।

अभी संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने बिलासपुर लोकसभा से टिकट दिया और आज जनता ने मुझे चुनकर सांसद बनाया भगवान और आप सब सभी लोगों की कृपा है कि पहली बार के सांसद को प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मंत्रिमंडल में शामिल कर राज्य मंत्री बनाया है। मैं केंद्रीय मंत्री होने के नाते पूरे छत्तीसगढ़ की सेवा करूंगा।उन्होंने ने जीत के लिए बिलासपुर और छत्तीसगढ़ जनता का आभार व्यक्त किया. साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के मंत्रीमंडल में शामिल होना गर्व की बात कही। वहीं, तोखन साहू ने देश प्रदेश में डबल इंजन की सरकार के में तेजी से विकास करने की बात भी कही।

# लोक आस्था सेवा संस्थान एवं वूमेनिटी व दसरा द्वारा विधिक शिविर का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** लोक आस्था सेवा संस्थान एवं वूमेनिटी व दसरा के सहयोग से ऑक्सन हॉल गरियाबंद में एक दिवसीय विधिक शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुवात संस्था अध्यक्ष हेम नारायण मानिकपुरी के द्वारा संस्था के कार्य के बारे में जानकारी मे बताया कि संस्था 2006 से बच्चे एवं महिलाओं के उत्थान के लिए निरंतर काम कर रही है। जिसके अंतर्गत क्षमतावर्धन का कार्य जिसमें पेंशन,राशन,वन अधिकार, घरेलू हिंसा व अन्य आजीविका को लेकर लोगो को जागरूक किया जा रहा है।

न्यायधीश यशवंत वासनीकर (विशेष सत्र न्यायालय गरियाबंद) के द्वारा पॉक्सो कानून के बार में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया कि 18 साल से कम उम्र के किसी बच्चे (चाहे लड़का हो या लड़की) के साथ यौन अपराध हुआ या करने का प्रयास किया गया,तो ऐसे मामले पॉक्सो कानून के अंतर्गत आते हैं7 यह कानून बच्चों को लैंगिक हमले,लैंगिक उत्पीड़न और अश्लील चित्र व साहित्य के इस्तेमाल जैसे अपराधों से सुरक्षा प्रदान करता है। ऐसे अपराधों का विचारण करने के लिए विशेष न्यायालयों की स्थापना की गई हैं विस्तार से जानकारी दिया। न्यायधीश तेजेश्वरी देवी देवांगन (अपर एवं जिला एवं अपर सत्र न्यायलय गरियाबंद) के द्वारा महिलाओं से संबंधित विभिन्न कानून के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अब ओ जमाना गया जब महिलाएं रसोई तक सीमित रहती थी।महिलाएं अब पुरुष के साथ कंधा से कंधा मिलाकर काम कर रही है।महिलाओं के साथ कार्य स्थल चाहे सरकारी हो या निजी संस्थान में लैंगिक उत्पीड़न होता है तो वह लैंगिक उत्पीड़न निवारण समित के पास शिकायत कर सकती है।

# जल संरक्षण और संवर्धन के लिए स्व-सहायता समूह की महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए : कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** रायपुर जिले में जल संरक्षण के लिए नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें जिले की 11 हजार से अधिक महिला समूह भागीदारी निभाएंगी। यह समूह गांव-गांव जल चौपाल लगाएंगी, जिसमें जाकर लोगों को जल संरक्षण के लिए जागरूक करेंगे। समूह की महिलाएं जल वाहिनी दीदियाँ के रूप में कार्य करते हुए ग्राम पंचायतों में सभा आयोजित करेंगी और बच्चों से लेकर युवाओं-बुजुर्गों सभी को जल संरक्षण के लिए शपथ दिलाएंगी। सोमवार 24 जून को ही इस अभियान के अंतर्गत ऐसा कार्यक्रम आयोजित होगा।

इस महत्वपूर्ण अभियान को दिशा प्रदान करने के लिए आज 22 जून को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में कार्यशाला हुई। इसमें स्व-सहायता समूह की महिलाएं और जल संसाधन विभाग एवं अन्य विभाग के अधिकारी शामिल थे। इसको संबोधित करते हुए कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि जल के संरक्षण और संवर्धन के प्रति स्व-सहायता समूह की महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएं। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया जाए और अभियान से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाएं। साथ ही निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न गतिविधियां हो। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप भी उपस्थित थे।

कार्यशाला में इस अभियान के बारे में जानकारी दी गई। इसकी सुव्यवस्थित कार्ययोजना तैयार की गई हैं। इसमें 24 जून को जल चौपाल, जल वहिनी दीदीयों की सभा, युवा, बच्चों व बुजुर्गों को जल सुरक्षा की जागरूकता के लिए शपथ, 25 जून को जल जागरूकता रैली, बैनर एवं दीवाल लेखन से प्रचार-प्रसार, घरों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, सोकपिट एवं नलकुओं में रिचार्ज स्ट्रक्चर के बारे में जागरूकता, 26 जून को जल स्त्रोतों की सफाई, शासकीय भवनों में वाटर हॉर्वेस्टिग सिस्टम, पेयजल के स्त्रोतों के पास सोखता गड्ढों की साफ-सफाई एवं निर्माण, नालों में गाद की सफाई, कुओं की सफाई, 27 जून को वृक्षारोपण एवं सोकपिट का निर्माण, वर्षा जल को संचित करने रिचार्ज पिट, डाईक का निर्माण और 28 जून को जल की गुणवत्ता की जांच और मल्चिंग, फसल चक्र और जैविक खेती की तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# व्यापक तौर पर पौधरोपण एवं जल संरक्षण के लिए कार्य करने की आवश्यकता - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज




**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने पौधरोपण एवं जल संरक्षण के दृष्टिगत उद्योगों की बैठक ली एवं उन्हें दायित्व सौंपा। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि जिले में व्यापक तौर पर पौधरोपण एवं जल संरक्षण के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। जल संरक्षण के लिए जनसहभागिता से मिशन जल रक्षा चलाया गया है।

साथ ही पौधरोपण एवं जल संरक्षण के लिए उद्योगों का दायित्व सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में 42 हजार पंप एवं बोरवेल के लगातार चलने से 85 प्रतिशत भू-जल का दोहन कर लिया गया है। जिसके कारण भू-जल स्तर में 18 मीटर की गिरावट आयी है। उद्योग अपना सामाजिक दायित्व निभाते हुए पौधरोपण एवं जल संरक्षण के लिए अपना योगदान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक स्तर पर पोधरोपण एवं जल संरक्षण के लिए अधिक कार्य करना होगा, जिसके परिणाम बाद में दिखाई देंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में सघन तौर पर पौधरोपण करने के साथ ही शहरी क्षेत्रों में भी सघन पोधरोपण करना है। फलदार एवं छायादार पौधे अधिक से अधिक लगाएं। ग्रामीण क्षेत्रों में पीपल, बरगद एवं नीम का पेड़ अधिक लगाएं। फलदार पौधे लगाने के लिए समूह की महिलाओं को प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि बारिश को ध्यान में रखते हुए 3 जुलाई को सघन पौधरोपण तथा द्वितीय चरण में 17 जुलाई को कर सकते हैं। अब तक इसके लिए 50 हजार गड्ढे खोदे गए हैं। पौधरोपण के साथ ही पौधों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि पौधरोपण करने के बाद उन्हें पानी देने और देखभाल की आवश्यकता होगी। हमारा यह दायित्व है कि हमने समाज से बहुत कुछ लिया है, अब हम समाज को वापस कुछ दें। राष्ट्रीय जल मिशन भारत शासन द्वारा जिला प्रशासन की जल संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्य मिशन जल रक्षा की प्रशंसा की गई है। जीआईएस पर आधारित मिशन जल रक्षा के तहत जल संरक्षण के लिए व्यापक पैमाने पर कार्य किए जा रहे हैं। मिशन जल रक्षा अंतर्गत वाटर रिचार्ज करने के लिए विभिन्न वाटर स्ट्रक्चर का निर्माण किया जा रहा है। जल संरक्षण के लिए मिनी परकोलेशन टैंक, चेक डैम, गेबियन स्ट्रक्चर जैसी संरचना का निर्माण किया जा रहा है।

# महतारी वंदन योजना बना रही महिलाओं को स्वावलंबी




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा राज्य में लागू की गई महतारी वंदन योजना राज्य के महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बना रही है। योजना राज्य में महिला सशक्तिकरण की दिशा में अत्यंत निर्णायक साबित हो रही है। योजना की सराहना अनेक जरूरतमंद महिलाओं के अलावा आंगनबाड़ी केन्द्र के कर्मचारियों ने भी मुक्त कंठ से इसकी सराहना की है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति विनम्र आभार व्यक्त करते हुए उन्हें हृदय से आभार व्यक्त किया है।

बालोद विकास खण्ड के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 02 झलमला की कार्यकर्ता चन्द्रिका सिन्हा ने मिलने वाली राशि को जरूरतमंद महिलाओं के लिए मुश्किल वक्त का सहारा बताया। उन्होने कहा कि समाज के निम्न एवं मध्यम वर्ग के अनेक महिलाएं जिन्हे अपने जरूरी तथा अनेक छोटे-बड़े आवश्यकताओं के लिए परिवार के मुखिया के ऊपर आश्रित रहना पड़ता है। लेकिन प्रदेश सरकार के द्वारा महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना लागू हो जाने से प्रतिमाह उनक खाते मे 1000 रू. जमा हो जाने से अब महिलाओं को अपनी छोटी-बड़ी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आसानी से पैसा उपलब्ध हो जाता है। इस योजना की सराहना आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 02 ग्राम झलमला की सहायिका श्रीमती रेणुका साहू ने की है। इस राशि का उपयोग अपने जरूरत के कार्यो के लिए कर पा रही है। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह उनके खाते में 1000 रू. की राशि जमा होने से उसमें आत्मविश्वास जागृत होने के साथ-साथ सुरक्षा का भी बोध हो रहा है।

न्यू किट्टी बुक एंड स्टेशनरी मार्ट
• खाता बही, माला,
• फ्लावर झालर,
• लेजर बुक,
• कैश बुक,
• रोकड़ बही खाता
• कैलेंडर स्टेशनरी सामान
किसी भी बुक एंड स्टेशनरी में जाने से पहले एक बार न्यू किट्टी में जरूर पधारें...
नेहरू भवन रोड, सुपेला, भिलाई, मो.-9584917866, 6261748903

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### किसान से रिश्वत लेते कैमरे में कैद हुई महिला पटवारी

**रायगढ़ ( ए. )।** राजस्व विभाग में भ्रष्टाचार का बोल बाला शुरुआत से ही है। जिसे जब जहां मौका मिलता है, पक्षकार को लूट लेता है। ऐसे ही एक प्रकरण में महिला पटवारी का रिश्वत लेते हुए वीडियो इंटरनेट में प्रसारित हो गया है। जबकि किसान ने स्वयं यह वीडियो बनवाया है। इसकी जानकारी मिलते ही एसडीएम ने पटवारी के विरुद्ध जांच के आदेश दिए हैं। मामला रायगढ़ तहसील के ग्राम कोतरलिया का है।

मिली जानकारी के मुताबिक कथित वीडियो में हलका पटवारी सुलोचना साव नजर आ रही हैं। उनके साथ बलिराम पटेल नामक किसान भी है। दोनों के बीच बातचीत से पता चलता है कि किसान की भूमि से संबंधित कोई काम है। पटवारी पहले ही खर्चा देने की बात कहती हैं। इसके बाद आखिर में दोनों के बीच रकम को लेकर बात होती है। पटवारी सुलोचना साव काम के एवज में और रुपए की मांग करती हैं। मिली राशि को अपर्याप्त बताती हैं। इस वीडियो के सामने आते ही पटवारियों में हडकंप मच गया है। एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी ने मामले में सख्त तेवर दिखाते हुए पटवारी पर कार्रवाई के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही जांच के आदेश भी दिए हैं।

इधर एसडीएम ने इनका उक्त कृत्य प्रथम दृष्टया छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के विपरीत है। अतएव उन्हें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम (9) के तहत अवैधानिक पाया गया। इस पर शासकीय कार्य में भूमि स्वामी से अवैधानिक रूप से राशि मांग किए जाने के मामला संज्ञान में आने पर रायगढ़ तहसील के हल्का नंबर 37, गोपालपुर की पटवारी सुलोचना साव को एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी ने निलंबित कर दिया है। गोपालपुर हल्के का अतिरिक्त प्रभार अमरदास संजय प.ह.नं.-20. कुसमुरा को आगामी आदेश पर्यन्त उनके मूल कार्यों के साथ-साथ सौंपा गया है।

### प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर ( ए. )।** राजधानी रायपुर की आमानाका थाना पुलिस ने प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ई रिक्शा में सवार होकर तीनों आरोपी नशीली टेबलेट बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से 2736 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट स्पासमो जब्त किया है।

बता दें कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के दिशा निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें समस्त थाना एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रहीं है। नारकोटिक्स एक्ट पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की विशेष टीम का गठन किया गया है साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को नशे की सामाग्री बिक्री करने वालों एवं सप्लाई करने वालों पर कठोर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में 22 जून को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट अंतर्गत गठित नारकोटिक्स सेल की टीम को सूचना मिली कि थाना आमानाका क्षेत्रांतर्गत टाटीबंध स्थित एम्स अस्पताल गेट नंबर 01 के पास ई-रिक्शा में सवार कुछ व्यक्ति अपने पास प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखें है तथा बिक्री करने की फि राक में है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना आमानाका पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये ई-रिक्शा वाहन को चिन्हांकित किया गया। वाहन में 3 लोग सवार थे, जिन्होंने पूछताछ में अपना नाम अमन सोनेकर उर्फ सन्नी, विरेन्द्र सोनी उर्फ तुतरू एवं गौतम सोनी उर्फ तरूण निवासी सरस्वती नगर रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उनके पास रखें बैग की तलाशी लेने पर बैग में स्पासमो नामक प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखा होना पाया गया। उक्त प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखने एवं बिक्री करने के संबंध में तीनों से वैध दस्तावेज की मांग करने पर उनके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 2736 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट स्पासमो एवं घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा (सवारी वाहन) क्रमांक सी.जी. 04-पी.के.4497 जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना आमानाका में धारा 22ग नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। मामले में पुलिस ने अमन सोनेकर उर्फ सन्नी पिता स्व. अशोक सोनेकर 28 वर्ष निवासी रविशंकर यूनिवर्सिटी कैम्पस मकान नंबर आई 25 थाना सरस्वती नगर रायपुर, विरेन्द्र सोनी उर्फ तुतरू पिता स्व. बीरो सोनी 30 साल निवासी कुकुरखेड़ा सामुदायिक भवन के पास थाना सरस्वती नगर रायपुर तथा गौतम सोनी उर्फ तरूण पिता मानिक राम सोनी 35 साल निवासी गुरूद्वारा के सामने थाना सरस्वती नगर रायपुर को गिरफ्तार किया है।

# कलेक्टर-एसपी ने की जिले में कानून व्यवस्था की समीक्षा

## पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने एवं सूचना तंत्र को मजबूत करने पर जोर, ब्लैक स्पॉट का करें शीघ्र चयन, सड़क दुर्घनाओं में कमी लाने के दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर ।** बलौदाबाजार जिलें के कलेक्टर दीपक सोनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने जिलें के कानून व्यवस्था को लेकर राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों के कामकाज की समीक्षा की। बैठक में सभी एसडीएम एवं एसडीओपी को जमीनी स्तर में सूचना तंत्र को मजबूत करते हुए पुलिस की गश्ती बढ़ाने पर के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने गांवों में समय-समय पर शांति समिति की बैठक अनिवार्य रूप से कराने, धार्मिक स्थलों पर सतत रूप से निगरानी रखने के निर्देश संबंधित अधिकारीयों को दिए है।

कलेक्टर श्री सोनी ने कहा रैली, धरना एवं प्रदर्शन करने या अनुमति प्राप्त करने से पहले आयोजन एवं व्यक्ति को अनिवार्य रूप से शपथ पत्र सक्षम अधिकारी को प्रस्तुत करना होगा, उसके बिना अनुमति नही दी जाएगी एवं उक्त नियमों के पालन नही करने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई भी की जाएगी। बैठक में दीपक सोनी ने कहा की गांवों में किसी प्रकार की विवाद या समस्या होने की जानकारी मिलने पर तत्काल तहसीलदार एवं थानेदार साथ ही गांव ही पहुंचकर समस्या का निराकरण करें। इसके साथ ही वन क्षेत्रों में भी किसी भी प्रकार विवाद होने पर वन विभाग के द्वारा भी तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए गए है।

श्री सोनी ने कहा राजस्व एवं पुलिस अमला प्रशासन की रीढ़ है अतः आप सभी आपस में समन्वय के साथ बेहतर कार्य करें। इसके साथ ही जिलें में सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करवाते सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने का प्रयास करे। इसके लिए आप सभी त्वरित रूप से जिलें में जितने भी ब्लैक स्पॉट है, उनका चिन्हांकन शीघ्र करें। इस कार्य में लोक निर्माण विभाग एवं आरटीओ भी मदद ली जाए। टीम शीघ्र ही इन स्थानों का चिन्हांकन कर एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत मुझे प्रस्तुत करें।

बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने आपसी समन्वय के साथ कार्य करने निर्देश पुलिस विभाग के अधिकारियों को दिए है। उन्होने ग्रामीण क्षेत्र में पेट्रोलिंग बढ़ाने जोर दिया। बैठक में अपर कलेक्टर सुश्री दिप्ती गौते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, समस्त एसडीएम, एसडीओपी, टीआई और तहसीलदार उपस्थित थे।

# बाइक सवार पर पलटा कंटेनर, आधा शरीर फंसा, क्रेन के सहारे निकाला

■ **रायपुर एम्स अस्पताल में कराया गया भर्ती**

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** सड़क पर चल रहे हों और कब हादसा हो जाए किसी को पता नहीं रहता। कई बार ऐसे हादसे होते हैं जिसके बारे भी सोच भी नहीं सकते। ऐसा ही एक मामला राजधानी रायपुर में सामने आया। सड़क पर चल रहे बाइक सवार पर ट्रेलर पर जा रहा कंटेनर पलट गया। हादसे के बाद करीब एक घंटे तक बाइक सवार का आधा शरीर कंटेनर के नीचे फंसा रहा। क्रेन की मदद से उसे निकालकर एम्स में भर्ती कराया गया।

मिली जानकारी के अनुसार घटना शनिवार दोपहर लगभग 2 बजे की है। तेलीबांधा ब्रिज से संतोषी नगर की ओर जा रहे बाइक सवार के बगल से एक कंटेनर लोड ट्रेलर जा रहा था। इसबीच ट्रेलर के सामने जा रहे बस चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया जिसके कारण ट्रेलर चालक को भी ब्रेक लगाना पड़ा। ट्रेलर चालक ने जैसे ही ब्रेक लगाया कंटेनर पलट गया और बगल में चल रहे बाइक सवार पर गिर गया। कंटेनर के नीचे बाइक सवार दब गया। बाइक सवार का आधा शरीर कंटेनर के नीचे दबा था और वह दर्द से कराह रहा था। हादसे के बाद आसपास काफी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर टिकरापारा पुलिस पहुंची। इसके बाद क्रेन बुलवाया गया। लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद युवक को बाहर निकालकर एम्स में भर्ती कराया गया। इस दौरान हादवे पर लंबा जाम लग गया। कंटेनर हटने के बाद रास्ता खुला और जाम हटा।

# पति ने पैर नहीं दबाया तो पत्नी ने लगा ली फांसी

## लवमैरीज के बाद साथ रह रहे थे दोनों, घटना बिलासपुर भटगांव की

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर शहर से चौंकाने वाला मामला सामने आया है। पति ने पैर दबाने में देर की तो पत्नी ने नाराज होकर फांसी लगा ली। यह घटन बिलासपुर के तोरवा थाना क्षेत्र का है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। आत्महत्या की इस घटना के बारे में जिसने भी सुना वह हैरान है।



मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर भटगांव की रहने वाली सुशीला और ग्राम मोहतरा के रहने वाले भूपेंद्र साहू ने 2018 में लव मैरीज किया था। दोनों बिलासपुर में रहकर सरकारी जॉब की तैयारी कर रहे थे और इस बीच कोचिंग सेंटर में दोनों की पहचान हुई और प्रेम हो गया। इसके बाद दोनों ने इसी साल शादी कर ली। उनका तीन साल का एक बच्चा है। सब कुछ ठीक चल रहा था लेकिन इस बीच सुशीला की तबीयत खराब हो गई। पुलिस के अनुसार पूछताछ में पता चला कि गुरुवार की रात को सुशीला की तबीयत खराब हुई। इस दौरान उसने अपने पति भूपेंद्र से पैर दबाने के लिए कहा। बताया जा रहा है कि इस दौरान पति भूपेंद्र साहू बच्चे की मालिश कर रहा था जिसके कारण उसे पत्नी के पास जाने में देर हो गई। बस फिर क्या था पत्नी नाराज हो गई और कमरे में जाकर फांसी लगा ली। बच्चे की मालिश के बाद जब भूपेन्द्र कमरे में पहुंचा तो उसकी पत्नी फंदे पर लटक रही थी। इसके बाद वह पत्नी को फंदे से उतार कर अस्पताल ले गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### जादू-टोने के शक में महिला की हत्या

**गौरेला (ए.)।** गौरेला क्षेत्र के भस्कुरा गांव में हुई महिला की गला काटकर हत्या के मामले में पुलिस ने 48 घंटे के अंदर ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में पुलिस ने गांव के कोटवार और आरोपी मां-बेटे को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पूरा गौरेला थाना के भस्कुरा गांव के चिकनीटोला में 19 जून को महिला मुन्नी बाई की लाश सड़क किनारे मिली थी। पुलिस ने बताया कि गांव के रहने वाले युवक कृष्णा मरावी और उसकी मां कवरिया बाई को शक था कि मुन्नी बाई जादू टोना करती है। मां-बेटे को पता था कि गांव के कोटवार विरासुलाल पड़नवार के महिला के अच्छे संबंध थे। प्लानिंग के अनुसार कोटवार ने मुन्नीबाई को पट्टा सुधारने के नाम पर फोन करके बुलाया। मुन्नीबाई जब कोटवार के पास जाने के लिए निकली तो आरोपी महिला ने इसकी जानकारी अपने बेटे को दी। जिसके बाद कृष्णा मरावी ने मुन्नी बाई पर फरसा से वार कर हत्या कर दी। भावना गुप्ता ने बताया कि पुलिस ने साइबर सेल की मदद ली। महिला के कॉल डिटेल निकाले गए। आखिरी बार महिला की कोटवार से बात हुई थी जिसके बाद कोटवार से पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। इधर कोटवार के पकड़े जाने की भनक पाते ही कृष्णा फरार हो गया। जिसके जंगल में छिपे होने की सूचना परन पुलिस ने जंगल से पकड़ लिया वहीं आरोपी की मां को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# पिता ने की 5 साल के मासूम की गला दबाकर हत्या, फिर खुद झूला फंदे पर



**सरगुजा ( ए. )।** जिले में अंबिकापुर से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां शनिवार को एक शख्स ने अपने हाथों से पांच साल के अपने मासूम बेटे की गला दाबकर हत्या कर दी और फिर खुद फांसी के फंदे पर झूल गया। इस मामले की जानकारी जैसे ही गांव में फैली, वहां मातम का माहौल बन गया है। घटना सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम कोटछाल बैगापारा मोहल्ले की बताई जा रही है ।

जानकारी के मुताबिक, मृतक का नाम देवकुमार पिता अमरविलास है, शनिवार की सुबह मृतक के पड़ोस में रहने वाले लोगों ने देखा कि देवकुमार फांसी में लटक रहा है, जिसके बाद वे तत्काल वहां पहुंचे, तो देखा कि पास में ही उसके पांच वर्षीय पुत्र दीपेश की भी लाश पड़ी हुई थी। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना सीतापुर थाने में दी, जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है ।

पत्नी की मौत के बाद सदमे में था शख्स पुलिस ने बताया कि मृतक देवकुमार की पत्नी की तीन माह पूर्व ही बीमारी से मौत हो गई थी, जिसके कारण मृतक डिप्रेशन में चला गया था। उसके परिजन उसका भी उपचार करवा रहे थे। बताया जाता है कि वह काफी परेशान रहता था। मृतक के कुल तीन बच्चे थे, जिसमें मृतक 5 साल का मासूम सबसे छोटा बेटा था, जोकि उसके साथ ही रहता था, जबकि दो बच्चे अपने दादा-दादी के घर में रहने चले गए थे। फिलहाल, पुलिस मासूम बच्चे और पिता के शव को पोस्टमार्टम के लिए सीतापुर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।



### नकली नोट सहित अन्य सामाग्री बरामद

**सुकमा ( ए. )।** नक्सलियों की काली करतूत का पर्दाफाश हो गया है। इनके पास से नकली नोट के सेम्पल, प्रिंटर, भारी मात्रा में प्रिंटर की स्याही और अन्य सामाग्री बरामद की गई है। यह पूरा मामला कोराजगुड़ा के जंगलों का है। यहां पर भोले-भाले आदिवासी ग्रामीणों को धोखे में रखकर अंदरुनी क्षेत्रों के साप्ताहिक बाजारों में लंबे समय से नकली नोट खपा रहे थे। इसकी जानकरी पुलिस को होते ही भरमार बंदूक, वायरलेस सेट, भारी मात्रा में विस्फोटक सामाग्री मिली है। यह कार्यवाही जिला बल, डीआरजी, बस्तर फाईटर और 50 वाहिनी सीआरपीएफ ने की है।

# बंधक फ्लैट को बेचने का झांसा देकर ज्वेलरी व्यापारी से 18 लाख की ठगी

**बिलासपुर ( ए. )।** गोंड़पारा में रहने वाले व्यवसायी को बैंक में बंधक फ्लैट को बेचने का झांसा देकर 18 लाख की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इसकी शिकायत एसपी कार्यालय में की। जांच के बाद सिविल लाइन पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के गोंड़पारा में रहने वाले दीपक सोनी ज्वेलरी व्यापारी हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि उसलापुर में रहने वाला अभिषेक तिवारी उनकी दुकान में खरीदारी के लिए आता था। इसका भुगतान वह नकद अथवा चेक से करता। लंबे समय से दुकान में खरीदारी के कारण उनके बीच पारिवारिक संबंध बन गया। इसका फायदा उठाकर अभिषेक ने उधारी में सामान खरीदना शुरू कर दिया। इसका भुगतान वह किश्तों में करता था।

धीरे-धीरे करते उधारी की रकम बढ़ गई। व्यवसायी ने उधारी की रकम मांगी तो उसने अपने फ्लैट को बेचने की बात कही। उधारी की रकम को इसी में समायोजित कर लेने कहा। व्यवसायी ने फ्लैट खरीदने की बात कहते हुए सौदा तय कर लिया। सौदे के समय ही पांच लाख 50 हजार रुपये दे दिए। इसके बाद वह अलग-अलग समय में रुपये लेता रहा। धीरे-धीरे कर व्यवसायी ने 18 लाख रुपये दे दिए।

इसके बाद भी फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं हो पाई, बाद में व्यवसायी को पता चला कि अभिषेक का फ्लैट बैंक में बंधक है। फ्लैट को बैंक ने कुर्क करके नीलाम कर दिया है। व्यवसायी ने अभिषेक से अपने रुपये मांगे तो वह टालमटोल करता रहा, बाद में उसने नोटरी के समक्ष लिखा पढ़ी कर रुपये लौटाने की बात कही। समय बीत जाने के बाद उसने रुपये देने से इन्कार कर दिया। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

# कैंप क्षेत्र में फायरिंग : एक नाबालिग सहित चार आरोपी गिरफ्तार, उज्जैन से खरीदकर लाए थे देशी कट्टा

श्रीकंचनपथ न्यूज




**भिलाई।** कैंप क्षेत्र में फायरिंग मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियो के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त एक देशी कट्टा (रिवालवर) 6 राउण्ड का, 2 चाकू व और 2 तलवार बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों में संतोष कुमार साव, करण साव, मोह. समीर खान व एक नाबालिग शामिल है। फायरिंग के लिए इस्तेमाल देशी कट्ट आरोपियों ने उज्जैन से खरीदा था। छावनी पुलिस ने अलग अलग मामले में कार्रवाई कर आरोपियों को जेल भेज दिया है।

बता दें 21 जून को कैंप क्षेत्र में मिलन चौक पर फायरिंग की घटना सामने आई। हालांकि पुलिस ने फायरिंग होने से इंकार कर रही थी। वहीं सीसी टीवी फुटेज में पुलिस को रिवाल्वर लहराता युवक दिखा था। जल्द ही पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर ली। मुखबिर की सूचना पर पुलिस बैकुण्ठ धाम के पास संतोष साव एवं करण साव नाम युवकों को हिरासत में लिया। पूछताछ में इन दोनों ने 21 जून की सुबह पुरानी रंजिस को लेकर रजत व करन को जान से मारने की नियत से घर में घुसे थे। रिवाल्वर के संबंध में इन दोनों ने बताया कि 11 जून को उज्जैन गए थे और वहां एक व्यक्ति से 10 हजार रुपए में देशी कट्टा खरीदा था। इस मामले में पुलिस ने धारा 452, 294, 506 बी, 323, 34 व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की।

एक अन्य मामले में पुलिस ने मो. समीर खान व एक नाबालिग को हिरासत में लिया। इस दोनों ने भी पुरानी रंजिश में 21 जून को हुए विवाद की बात को लेकर बदले की भावना से चाकू लेकर मारने जान से मारने की नियत से चाकू लेकर मारना स्वीकार किया। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 452, 294, 506 बी, 327,323, 34 व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इस पूरी कार्रवाई में उप निरीक्षक वरूण देवता , उप निरीक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह, एएसआई उदय शंकर झा, प्रधान आरक्षक जसपाल सिंह, आरक्षक संजय सोनी, आकाश तिवारी, त्रिलोक नाथ भाटी, धर्मेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही है।

### 10 लीटर महुआ शराब जब्त

**महासमुंद ( ए. )।** कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी मोहित जायसवाल एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी उत्तम बुद्ध भारद्वाज मंडल सरायपाली के मार्गदर्शन में 21 जून को आबकारी वृत्त सांकरा की टीम द्वारा आबकारी वृत्त सांकरा अंतर्गत ग्राम उतेकेल थाना सांकरा निवासी दुबेलाल निषाद के आधिपत्य से कुल 10 लीटर महुआ शराब कीमती 2000 रुपए एवं 7 किलो महुआ लाहन कीमती 350 रुपए जुमला कीमती 2350 रुपए जप्त किया गया। उक्त प्रकरण में अधिक मात्रा में अवैध शराब का धारण करना आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क)(च), 34(2) 59 (क) का गैरजमानतीय प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया एवं रिमांड लेकर जेल दाखिल कराया गया।

### // शपथ-पत्र (नाम परिवर्तन) //

मैं टुपेन्द्र कुमार (TUPENDRA KUMAR) उम्र-35 साल पिता फत्ते लाल मढ़रिया (FATTE LAL MADHRIYA ), पता-एच डी 788 ढांचा भवन कुरूद भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूं जो कि निम्नलिखित कथन प्रस्तुत करता हूं:-

01. यह कि मैं उपरोक्त दर्शाये गये पते पर निवास करता हूं।
02. यह कि मेरे दो पुत्र हैं जिनका जन्म प्रमाण पत्र नगर पालिक निगम भिलाई से जारी किया गया है।
03. यह कि मेरे प्रथम पुत्र जिसका जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम शुभांक (SHUBHANK), जन्म दिनांक 15.08.2021 दर्ज है जिसका नाम सुधार करवाकर सात्विक (SATVIK) दर्ज करवाना चाहता हूं तथा भविष्य में मेरे पुत्र को सात्विक (SATVIK) नाम से जानने, पहचानने, शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों में इसी नाम को दर्ज किया जावे।
04. यह कि मेरे द्वितीय पुत्र जिसका जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम सारांश (SARANSH) जन्म दिनांक 28.09.2023 दर्ज है, जिसका नाम सुधार करवाकर शाश्वत (SHASHWAT) दर्ज करवाना चाहता हूं तथा भविष्य में मेरे पुत्र को शाश्वत (SHASHWAT) नाम से जानने, पहचानने, शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों में इसी नाम को दर्ज किया जावे।
05. यह कि भविष्य में शासकीय/अशासकीय/अन्य संस्थान/ जन्म प्रमाण पत्र में मेरे प्रथम पुत्र का नाम सात्विक (SATVIK), द्वितीय पुत्र का नाम शाश्वत (SHASHWAT) दर्ज किये जाने के समर्थन में यह शपथपत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता


भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
V.I.P happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## खास - खबर

### सदगुरु कबीर साहेब प्रगटोत्सव उल्लासमय वातावरण में सम्पन्न

**दुर्ग।** समभाव सदगुरू कबीर सेवा समिति के तत्वाधान में गतवर्ष की भांति शहर के ह्रदय स्थल सिविल लाईन स्थित शीतला तालाब समृद्धि बाजार के बाजू स्थित समभाव सदगुरू कबीर कुटि के प्रांगण में भव्य सदगुरू कबीर प्रगटोत्सव समारोह को प्रख्यात प्रवचन कर्ता संत बजरंग दास ने संगीत सहित वाद्ययंत्रो के माध्यम से प्रस्तुत प्रवचन आम दर्शको का केन्द्र बिन्दु रहा। लगातार चल रहे कार्यक्रमों के सिलसिले के दौरान पूर्व विधायक अरूण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल पूजा अर्चन के पश्चात सदगुरू कबीर साहेब के विचारों को समसामयिक निरूपित करते हुए सभी को अपने जीवन में आत्मसात करने का आग्रह किया। दुर्ग नगर विधायक गजेन्द्र यादव ने समभाव गुरु कबीर सेवा समिति को निरंतरता एवं कार्यों की प्रशंसा करते हुए सहयोग के लिए आश्वत किया। गोवर्धन प्रसाद जायसवाल ने कबीर साहेब के दर्शन का मार्मिक विवेचन के साथ, कबीर साहेब का विचार एवं सदशिक्षा आम लोगों के मध्य मानस की भांति जनमन में बसे रहने का जिक्र किया। इसी तारतम्य में सातविक चौका आरती मंहत विक्रम दास द्वारा सम्पन्न हुआ। इस क्रम में महंत मोहित दास महंत दिलेश्वर दास भी मौजूद थे। उक्त समारोह भोजन प्रसादी के साथ उल्लास मय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की सफलता के लिए समिति के अध्यक्ष अजय वर्मा के साथ ही संत चतुरदास, मंगल साहू, बेहाल साहू बिरेन्द्र सिन्हा एवं दीना सिन्हा ने आभार व्यक्त किया।

### साध्वी मंगल प्रभा का छत्तीसगढ़ की धरती पर पदार्पण

**दुर्ग।** इंदौर मध्य प्रदेश का चातुर्मास संपन्न कर छत्तीसगढ़ की धरती पर प्रथम बार प्रवेश करने वाली साध्वी प्रवचन प्रभाविका साध्वी डॉ सुमंगल प्रभा, साध्वी डॉ सुवृद्धि श्रीजी, साध्वी रजत प्रभा श्रीजी, साध्वी प्रांजल श्रीजी, साध्वी वंदना श्रीजी म.सा बालाघाट के रास्ते शनिवार को छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर प्रवेश किया। अभी पूज्य साध्वी भगवन डोंगरगढ़ में विराजमान है। आने वाले जुलाई माह में साध्वी मंगलप्रभा अपने साध्वी समुदाय के साथ जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में चातुर्मास करने आ रहीं है। 2024 के चातुर्मास की तैयारी सामाजिक स्तर पर प्रारंभ है। साध्वी भगवंत के विहार यात्रा में श्रमण संघ स्वाध्याय मंडल, वर्धमान सेवा मंच एवं श्रमण संघ महिला मंडल के सदस्यों का प्रतिनिधि मंडल प्रति दिन साध्वी समुदाय की विहार यात्रा को सुगम बनाने में उनके साथ होगा। साध्वी समुदाय दुर्ग शहर के विभिन्न कॉलोनियों क्षेत्रों में विचरण करने के पश्चात चातुर्मास के लिए जय आनंद मधुकर रतन भवन में मैं प्रवेश करेगा। आज की विहार यात्रा में रमेश बाघमार, निर्मल रतन बोहरा, राकेश संचेती, रोहित जी सुराणा, टीकम जी छाजेड़ ,आकाश पारख, नवीन संचेती ने भाग लिया। इसी तरह प्रकाश कांकरिया, नितिन संचेती, आदित्य नाहर, सुरेश चोपड़ा भी विहार यात्रा में सहयोगी बन रहें हैं।

### सरोज पांडेय को जन्मदिन पर लगा बधाईयों का तांता

**दुर्ग।** भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पांडेय को जन्मदिन पर शनिवार को बधाईयों का तांता लगा रहा। सुबह से ही उन्हें बधाई मिलने का सिलसिला शुरु रहा। दोपहर बाद पांडेय मालवीय नगर स्थित जल परिसर आवास पहुंची। यहां भाजपा नेताओं, कार्यकताओं और शुभचिंतकों ने उनका जोरदार स्वागत कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर को यादगार बनाने भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा सुश्री सरोज पांडेय का अपने-अपने अंदाज में स्वागत-अभिनंदन कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी गई। कई कार्यकर्ताओं ने जहां केक कटवाया,गुलदस्ता भेंट किए, वहीं कई लोगों ने मिठाईयां बांटकर जन्मदिन की खुशियां मनाई। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी भी की। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पांडेय को जन्मदिन पर भाजपा के राष्ट्रीय व प्रादेशिक नेताओं द्वारा भी बधाई दी गई है।

# सेल ने शिक्षा व मानव संसाधन विकास के लिए आईआईएम रायपुर के साथ किया एमओयू

## आईआईएम द्वारा दी जायेंगी चयनित कर्मचारियों को तीन वर्षों तक लर्निंग एंड डेवलपमेंट सेवाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। सेल -प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआई), रांची और भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर (आईआईएम रायपुर) के बीच एक एमओयू (मेमोरेंडम ऑफ़ अंडरस्टैंडिंग) साइन किया गया, जिसके तहत आईआईएम रायपुर द्वारा एमटीआई को अपने चयनित कर्मचारियों के लिए आगामी तीन वर्षों के लिए लर्निंग एंड डेवलपमेंट सेवाएं प्रदान की जाएंगी। सेल के निदेशक (कार्मिक) के के सिंह वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए, जबकि समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर समारोह की अध्यक्षता, निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा की गई। यह एमओयू 22 जून 2024 को इस्पात भवन में साइन किया गया।**




सेल-एमटीआई, रांची की ओर से मुख्य महाप्रबंधक संजय धर और निदेशक प्रो. राम कुमार काकानी ने एमओयू पर साइन किए। इस अवसर पर डीन प्रोफेसर सत्यसिबा दास, अध्यक्ष प्रोफेसर वर्षा मैडि विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशकअजय कुमार चक्रबर्ती, कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक समीर स्वरुप, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार एवं कार्यपालक निदेशक बी के गिरी उपस्थित थे। साथ ही मुख्य महाप्रबंधक निशा सोनी, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर सहित सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र और आईआईएम रायपुर के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

वर्चुअल रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए सेल के निदेशक के के सिंह ने अपने संबोधन में कहा, कि यह समझौता ज्ञापन लर्निंग एंड डेवलपमेंट, टीम वर्क, सहयोग और संचार के साथ किसी भी संगठन को बदलने में सक्षम है और यह काफी मददगार साबित होगा। यह लोगों को भविष्य में किए जाने वाले बदलावों का प्रबंधन करने में मदद करेगा। निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हो रही है कि यह समझौता ज्ञापन सेल के लिए कस्टमाइज्ड कोर्सेस बनाने में मदद करेगा। यह लोगों को अन्य संगठनों के लोगों के साथ बेहतर ढंग से जुड़ने में मदद करेगा। तकनीकी और व्यवहारिक परिवर्तन और ईएसजी के युग में आईआईएम हमारी वृद्धि में भागीदार होगा। उन्होंने कहा कि यह सहयोग हमें एक साथ सफल होने में मदद करेगा। कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने कहा, कि इस एमओयू से सेल के अधिकारियों को उद्योग और प्रबंधन के अनुभव के बारे में एक दृष्टिकोण और जानकारी प्राप्त करने का अवसर प्राप्त होगा। निदेशक प्रोफेसर राम कुमार काकानी ने कहा कि आईआईएम रायपुर अकादमिक उत्कृष्टता, सामाजिक प्रभाव और सुशासन के क्षेत्रों में बीएसपी की सहायता करेगा।

प्रारंभ में, संजय धर, मुख्य महाप्रबंधक ने कहा कि यह पहल व्यावहारिक दृष्टि से उद्योग-अकादमिक सहयोग को मजबूत करेगी। उन्होंने समझौता ज्ञापन के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने इसके अंतर्गत की जाने वाली गतिविधियों के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रदान की।

इस समझौते के अनुसार, आईआईएम रायपुर, एमटीआई को उनके चिन्हित कर्मचारियों के लिए लर्निंग एंड डेवलपमेंट सेवाएं प्रदान करेगा। आईआईएम रायपुर के फैकल्टीज़ द्वारा, सर्टिफिकेट प्रोग्राम, ओपन प्रोग्राम, कस्टम-डिज़ाइन प्रोग्राम, एमटीआई कार्यक्रमों में फैकल्टी सहायता सहित लर्निंग एंड डेवलपमेंट आदि कार्यक्रम एमटीआई-रांची के चयनित प्रतिभागियों को प्रदान किए जाएंगे। इस पहल के तहत, एमटीआई आईआईएम रायपुर को अकादमिक सहायता भी प्रदान करेगा। सेल और आईआईएम रायपुर के बीच उभरते अवसरों और परियोजनाओं पर सहयोग के लिए एक रूपरेखा शुरू की गई है, जो किसी भी संगठन की क्षमताओं का पूरक है।

इस समझौता ज्ञापन के साथ, सेल और आईआईएम रायपुर शैक्षणिक गतिविधियों और मानव संसाधन विकास हस्तक्षेपों पर सहयोग करेंगे और आईआईएम रायपुर द्वारा, ओपन प्रोग्राम या आईआईएम रायपुर के अनुकूलित कार्यक्रमों के माध्यम से एमटीआई-नामांकित प्रतिभागियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेंगे। आईआईएम रायपुर विशेष रूप से, इस्पात और संबद्ध क्षेत्रों में तीसरे पक्ष के लिए संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेंगे। सेल कार्यक्रमों के लिए आईआईएम रायपुर से निरंतर फैकल्टी सहायता प्रदान की जाएगी, जबकि सेल, आईआईएम रायपुर के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में फैकल्टी सहायता प्रदान करेगा। इस पहल के अंतर्गत संयुक्त अनुसंधान हेतु आईआईएम रायपुर और एमटीआई-रांची, एक-दूसरे को डेटा और लिटरेचर का एक्सेस प्रदान करेंगे और दोनों संस्थानों द्वारा केस स्टडीज़ के विकास और ऐसे शोध कार्यों के प्रकाशन के साथ-साथ तीसरे पक्ष के लिए संयुक्त परामर्श भी देंगे।

## 1111 पौधे रोपेगा चेंबर, योग दिवस पर लिया संकल्प

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई पर्यावरण संरक्षण व पर्यावरण शुद्धिकरण के पवित्र उद्देश्य से 1111 पौधे वृक्षारोपण करेगा। महामंत्री अजय भसीन ने बताया कि 21 जून अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस के दिन से चेम्बर एक व्यापारी एक पेड़ अभियान शुरू किया गया। इस अभियान के तहत चेम्बर द्वारा भिलाई क्षेत्र में 1111 पौधे लगाए जाएंगे।



भसीन ने बताया कि पर्यावरण को ध्यान में रखकर भिलाई शहरी क्षेत्र व औद्योगिक क्षेत्र में वृक्षारोपण कर संकल्प लिया गया है एवम पौधे का संरक्षण भी व्यापारी करेंगे। इस अभियान की शुरुआत योगा दिवस के दिन प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को पौधा सौंप कर की गई। विजय शर्मा ने महामंत्री अजय भसीन के हाथों पौधा स्वीकर कर चेम्बर के अभियान एक व्यापारी एक पेड़ की सराहना की व शुभकामनाएं दी। चेम्बर के कार्यो की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि चेम्बर हमेशा व्यापारियों व व्यापार एवम शासन प्रशासन के साथ सक्रिय रहा है। भसीन ने बताया कि हर बाजार में हम वृक्षारोपण करेंगे व पौधे की रक्षा के लिए टी गार्ड भी स्वयं के अर्थ से लगायेंगे।हर व्यापारी अपने परिवार की तरह उस वृक्ष का पालन पोषण भी करेगा। भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्रा ने बताया कि 21 जुलाई को इस अभियान का भव्य समापन किया जाएगा। इस अभियान में मुख्य रूप से शंकर सचदेव, सुनील मिश्र,विशाल छाबड़ा,विनय सिंग,हरीश शर्मा शामिल होंगे। यह जानकाररी शंकर सचदेव ने दी।

## चेंबर की महिला शाखा ने किया योग, एक्सपर्ट ने बताए फायदे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई की महिला शाखा द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सेक्टर 1 पार्क में योग के द्वारा निरोग रहने के फायदे बताये गए। महिला शाखा की महामंत्री सुमन कनोजे के नेतृत्व में सेक्टर 1 पार्क में योग कराया गया ।इस योग शिविर में सैकड़ो महिलाओं ने योग किया। योग गुरु गीता दुबे द्वारा योग का महत्व व योग से निरोग रहने की क्रिया सिखाई गई।**



महिला शाखा मंत्री सविता शर्मा ने बताया कि महिलाएं योग से स्वस्थ रहकर अपने परिवार को भी स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर सकती है।उन्होंने बताया कि योग आसान तन मन और चित को स्वस्थ रखने का सबसे अच्छा माध्यम है। योग में मुख्य रूप से पुष्पलता कर, उर्वशी, हरप्रीत कौर बग्गा,विजय लक्ष्मी शाह, लक्ष्मी, प्रीति देशमुख एवम नमिता त्रिपाठी व अनेक महिलाएं उपस्थित थी। यह जानकारी सविता शर्मा ने दी।

# अवकाश के दिन 15 लाख से अधिक राजस्व वसूली

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। नगर पालिक निगम के राजस्व विभाग आय बढ़ाने में भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। पिछले वर्ष के अपेक्षा इस जून माह में नगर निगम ने अधिक राजस्व की वसूली की है। नगर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने राजस्व वसूली की बढोत्तरी को लेकर टीम को मोटिवेट की है।**




टीम को कार्यों में और भी बेहतर करने के दिशा-निर्देश देते रहें हैं। इसी का परिणाम है कि इस वर्ष नगर निगम की टीम जहां पहले के रिकॉर्ड को तोड़ने में सफल नजर आती दिखाई दे रही है।पिछले वर्ष के रिकॉर्ड को तोड़कर नया रिकॉर्ड स्थापित कर रही है।आज सुबह से ही अवकाश के दिनों में राजस्व विभाग के सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर द्वारा शहर के बड़े एवं छोटे बकायादारो के यहाँ घूम -घूमकर 30 जून के पहले जमा करने की अपील किया जा रहा है। इस क्रम में आज सहायक राजस्व अधिकारी गोइर द्वारा होटल मालवा से संपर्क कर उनसे लगभग 15 लाख की टैक्स जमा करने को कहा।आज ही इनको नोटिस देने के लिए निर्देश दिए।भ्रमण के दौरान उन्होंने कहा कि यदि टैक्स भुगतान नही करते है तो निगम एक्ट के तहत तालाबंदी की कार्यवाही होंगी। गणपति विहार के लोगो से टैक्स वसूली केम्प लगाकर लिया जा रहा है। टैक्स जमा करने के लिए गणपति विहार में भीड़ देखा गया।फार्च्यूनर टावर द्वारा 25 जून को टैक्स की राशि जमा करने में सहमति दी गई है। राजस्व विभाग के अधिकारी द्वारा साझा चूल्हा द्वारा रविवार शाम को पूरा भुगतान करने की बात कही गई है।यदि नही दिया तो उनके खिलाफ कार्रवाही करने नोटिस जारी किया जाएगा।साथ ही अवैध अतिक्रमण कर सड़क किनारे लोहे की सीढ़ी बनाया गया है।जेसीबी की मदद से तोड़कर हटाने की कार्यवाही किया जाएगा।आज शनिवार अवकाश के दिनों में 10 लाख से अधिक की वसूली की गई।उन्होंने बताया कि मालवा होटल पर 15 लाख रुपए बकाया है।निर्देशित कर उन्हें आज ही नोटिस जारी करे। साझा चूल्हा के संचालक द्वारा बकाया टैक्स के राशि 2.50 लाख को सोमवार तक भुगतान का करने का आश्वासन दिया।इसके अलावा सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर द्वारा शहर क्षेत्र के बहुत से करदाताओ से संपर्क किया गया।सप्ताह के अंदर नगर निगम को 50 लाख से अधिक राजस्व प्राप्त होंगी। सभी को चेताया गया कि 30 जून के भीतर बकाया राशि जमा नही हुआ तो निगम एक्ट के तहत तालाबंदी की कार्यवाही की जाएगी।संबंधित को नोटिस जारी किया जाएगा।अब प्रॉपर्टी टैक्स ना भरने वाले व किराए की दुकानों का नगर निगम को किराया ना देने वाले डिफाल्टर पर शिकंजा कसने जा रहा है। निगम राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता एवं सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर का कहना है कि उन्होंने अब प्रॉपर्टी टेक्स डिफाल्टर पर शिकंजा कसने की ठान ली है।लाखों रुपए का बकाया टैक्स वसूलने के लिए टीम का गठन भी कर दिया गया है।

## पुलगांव वृद्धाश्रम में कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने किया वृक्षारोपण



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा शनिवार को पुलगांव स्थित वृद्धाश्रम में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी शामिल हुई और उन्होने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य दिलीप ठाकुर के अलावा अन्य सदस्यों व वृद्धजनों द्वारा भी वृक्षारोपण कर पौधे की सुरक्षा का संकल्प लिया गया। वृक्षारोपण पश्चात कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने वृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्यों ने वृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं से जुड़े कुछ बिंदुओं पर कलेक्टर का ध्यान आकर्षित करवाया। जिस पर कलेक्टर द्वारा जल्द उचित पहल करने का भरोसा दिलाया गया है।

# गारमेंट फैक्ट्री के निर्माण को जल्द पूर्ण करने विधायक देवेंद्र और मेयर नीरज पाल ने दिए निर्देश

## 1000 महिलाओं को मिलेगा रोजगार, विधायक ने किया निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। जिस तरह से दंतेवाड़ा में गारमेंट फैक्ट्री की शुरुआत की गई है,उसी तर्ज पर भिलाई में भी गारमेंट्स फैक्ट्री के निर्माण शुरुआत हो गई है । भिलाई के युवा विधायक देवेंद्र यादव की पहल से करीब 8 करोड़ की लागत से फैक्ट्री बनाया जा रहा है ।**



जहां भिलाई की 1000 से अधिक महिलाओं को रोजगार मिलेगा। भिलाई की महिलाओं को रोजगार देने,उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए यह योजना बनाई गई है।

यह भिलाई के इतिहास में पहली बार एक नई रोजगार क्रांति के रूप में नई उम्मीद का नया इतिहास होगा। यहाँ की फैक्ट्री से देश भर कपड़ों की सप्लाई की जाएगी।

भिलाई में यहां छत्तीसगढ़ की खुद के ब्रांड के कपड़ों की गारमेंट फैक्ट्री खुलेगी। जिसका खुद का ब्रांड का नाम होगा। जिसकी सेलिंग पूरे देश में की जाएगी। अलग- अलग माध्यमों से देशभर के बाज़ारों में भेजने की पहल की जाएगी। भिलाई जिसे औधोगिक नगरी के नाम से भी जाना जाता है। यह औधोगिक नगरी को अब एक और नई पहचान मिलने वाली है।

जहाँ हमारे भिलाई शहर की महिलाओं को रोजगार दिया जाएगा। एक नया नाम और ब्रांड का निर्माण होगा जो देश विदेश में सप्लाई किया जाएगा। जिन महिलाओं को सिलाई का काम पहले से आता उन्हें और जिन्हें नहीं आता उन्हें ट्रेनिंग दी जाएगी। महिलाओ को यहां मास्क, शर्ट, कुर्ता आदि बनाने की ट्रेनिंग देंगे।

भिलाई को गारमेंट का हब बनाया जाएगा। इस पर काम शुरू कर दिए है और जल्द ही भिलाइवासियो के लिए एक रोजगार क्रांति देखने को मिलेगा। यहां कपड़ा की फैक्ट्री खोली जाएगी है। जो छत्तीसगढ़ की दूसरी खुद के ब्रांड वाली गारमेंट फैक्ट्री होगी। कोशिश है कि हमारी माताओं,बहनों को ज़्यादा से ज़्यादा रोजगार मिले वे आर्थिक रूप से सशक्त हो। रोजगार देने के साथ ही निर्मित उत्पादों को बाज़ार भी दिलाया जा रहा है। जिससे उनका पूरा परिवार आर्थिक रूप से मजबूत होगा।

## कुम्हारी व भिलाई तीन कॉलेज में योग दिवस पर छात्र-छात्राओं ने किया योगाभ्यास

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई 3 व बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय कुम्हारी के संयुक्त तत्वाधान में खूबचंद बघेल महाविद्यालय के परिसर में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जो कि स्वयं व समाज के लिए योग विषय पर था जिसमें महाविद्यालय के छात्र - छात्राओं को योग के लिए जागरूक किया गया ।



उक्त कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य डॉ.अमृता कस्तूरे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। डॉ. कस्तूरे ने योग के महत्व को बतलाते हुए कहा कि योग से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं इसलिए हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए ।साथ ही बतलाया कि अब योग हमारे महाविद्यालयीन सिलेबस में भी शामिल होगा तथा योग पर भविष्य में वृहद सेमिनार आयोजित करने हेतु स्पोर्ट्ऑफिसर को निर्देशित किया ।एन.सी.सी. प्रभारी प्रधान सर ने योग के महत्व को समझाते हुए वक्तव्य दिए कि योग हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है ,योग से हमारे पाचन क्रिया से लेकर शरीर के अनेक विकार दूर होते हैं और बतलाया कि योग को अंतर्राष्ट्रीय दर्जा दिलाने के लिए हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रस्ताव रखा और सभा के स्वीकार करने पर वर्ष 2015 से 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाना प्रारंभ किया गया । खूबचंद बघेल महाविद्यालय में योगाभ्यास के दौरान अनुलोम - विलोम ,कपालभाति , भुजंगासन, वृक्षासन इत्यादि अनेक योग के आसान किए गए जिसमें भिलाई 3 व कुम्हारी महाविद्यालय के प्राध्यापक ,सहायक प्राध्यापक व विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950